• जयपुर, सोमवार 8 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 220 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के आगमन से पार्टी को मिलेगी नई ...
पेज @4 पंचायत समिति श्रीनगर के ग्राम पंचायत श्रीनगर में कृषि विभाग, की ओर....
पेज @8 अवैध लकड़ी से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 20 क्विंटल स्टॉक सीज...

# आज से 29 रुपये महंगा हुआ एलपीजी सिलेंडर

## हर सिलेंडर पर कंपनियों को हो रहा 700 रुपये का नुकसान', एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी पर आया सरकार का बयान

**नई दिल्ली/एजेंसी ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के चलते 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति लागत बढ़कर 1,600 रुपये से अधिक हो गई है। इसके बावजूद उपभोक्ताओं को कम कीमत पर गैस उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे प्रति सिलेंडर लगभग 700 रुपये की अंडर-रिकवरी (लागत और बिक्री मूल्य के बीच का अंतर) हो रही है। इसका भार केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां वहन कर रही हैं।

**● होर्मुज संकट के बाद बढ़ीं अंतरराष्ट्रीय कीमतें**

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, फरवरी से सऊदी अरामको की एलपीजी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस में करीब 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में आई बाधाएं और मिडिल ईस्ट गल्फ क्षेत्र से निर्यात पर बढ़ी सख्ती है। फरवरी में प्रोपेन और ब्यूटेन के 50:50 मिश्रण का ब्लेंडेड सऊदी 542.50 डॉलर प्रति टन था, जो अप्रैल में बढ़कर 775 डॉलर प्रति टन और जून में 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गया। इसी अवधि में प्रोपेन की कीमत में 39 प्रतिशत तथा ब्यूटेन की कीमत में 52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कीमतों में इस उछाल से आयातित एलपीजी की लैंडेड कॉस्ट बढ़ गई और घरेलू सिलेंडर की आयात-आधारित आपूर्ति लागत 1,600 रुपये से अधिक हो गई।



**● रविवार से 29 रुपये महंगा हुआ सिलेंडर**

वेस्ट एशिया में जारी तनाव और बढ़ती लागत के कारण रविवार से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्रालय के मुताबिक, घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक बढ×कर 60,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 41,338 करोड़ रुपये थी। इस बढ़ते वित्तीय बोझ को देखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मंजूरी दी है। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत दी जाने वाली 300 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी इस अंडर-रिकवरी से अलग है और इसका लाभ 10.58 करोड़ से अधिक परिवारों को मिल रहा है।

**● उपभोक्ताओं को अब भी राहत**

लागत बढ़ने के बावजूद भारत में घरेलू एलपीजी की कीमतें दुनिया के कई देशों की तुलना में काफी कम हैं। दिल्ली में उपभोक्ता 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर के लिए 942 रुपये चुकाते हैं, जो वास्तविक लागत से करीब 700 रुपये कम है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को साल में पहली चार रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी सीधे उनके खाते में दी जाती है। इससे उन्हें प्रभावी रूप से केवल 642 रुपये का भुगतान करना पड़ता है। मंत्रालय के अनुसार, यह कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य से लगभग 60 प्रतिशत कम है।

**● संकट के बावजूद सप्लाई बनी रही सामान्य**

मंत्रालय ने बताया कि होर्मुज क्षेत्र में व्यवधान के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित नहीं हुई। आयात में आई कमी की भरपाई के लिए घरेलू उत्पादन को 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 52 टीएमटी (हजार मीट्रिक टन) किया गया। साथ ही, आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने के लिए अमेरिका, कनाडा और अल्जीरिया जैसे नए देशों से भी एलपीजी आयात शुरू किया गया। सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी सत्यापन और डायवर्जन-रोधी उपायों का दायरा भी लगभग 90 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।

**न्यूज़ अपडेट**

## अभिनेता सलीम कुमार के निधन पर सीएम सतीशन ने जताया दुख, भावुक हुए सुपरस्टार ममूटी



**कोच्चि/एजेंसी।** मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सलीम कुमार का शनिवार रात करीब 10:45 बजे कोच्चि के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। 56 वर्षीय अभिनेता लंबे समय से लिवर संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे और उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। सीएम वीडी सतीशन और अभिनेता व फिल्म निर्माता ममूटी समेत हस्तियों ने दुख व्यक्त किया है।

## समय तीस्ता नदी में गिरी कार, परिवार के 4 सदस्यों की मौत



**कालिमपोंग/एजेंसी।** सिक्किम से सिलीगुड़ी जाते समय एक परिवार के चार सदस्यों के रहस्यमय हालात में लापता होने की घटना के सिलसिले में बचाव अभियान दल को चार शव मिले हैं. शनिवार को दिन भर चली तलाशी के बाद उनकी गाड़ी के कुछ हिस्से तो मिल गए, लेकिन उस समय कोई शव नहीं मिला. रविवार सुबह गाड़ी और चारों लोगों के शव बरामद कर लिए गए.

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सिक्किम का यह परिवार इलाज करा रहे रिश्तेदारों से मिलने के लिए काली टाटा नेक्सन कार से गंगटोक से सिलीगुड़ी जा रहा था. नेशनल हाईवे 10 पर गाड़ी चलाते समय, उन्होंने आखिरी बार दोपहर के आसपास रोम्बी और बागपूल के बीच स्थित भेलाबाड़ी इलाके में अपने परिवार के सदस्यों से बात की थी. इसके कुछ ही देर बाद उनका मोबाइल संपर्क टूट गया. खबरों के अनुसार भारी बारिश के कारण पहाड़ी नाले उफान पर थे. भूस्खलन की चपेट में आने के बाद गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह तीस्ता नदी की खाई में जा गिरी.

रिश्तेदारों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एनडीआरएफ की एक टीम ने शनिवार सुबह पश्चिम बंगाल पुलिस और सिक्किम प्रशासन की मदद से संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया. एनडीआरएफ के जवानों ने डिप्टी कमांडेंट संजय रंजन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया.

## 5 बंगले, 13 प्लॉट और 2 करोड़ कैश; ओडिशा का सरकारी इंजीनियर निकला धनकुबेर



**भुवनेश्वर/एजेंसी।** ओडिशा के सतर्कता विभाग ने एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) के एक सहायक कार्यकारी अभियंता (एईई) बैकुंठनाथ बेहरा से जुड़े 9 ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान एजेंसी को जो मिला, उसने अधिकारियों के होश उड़ा दिए। बेहरा के पास से 5 बहुमंजिला आलीशान मकान, 13 कीमती प्लॉट, लाखों रुपये की संपत्ति, सोने के आभूषण और बैंक लॉकरों का पता चला है। चौंकाने वाली बात है कि बेहरा ने 1999 में केवल 6,000 रुपये वेतन पर नौकरी शुरू की थी।

दरअसल, सतर्कता विभाग को शिकायत मिली थी कि बेहरा ने कानूनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इसके बाद भुवनेश्वर, बालीगुडा और बारीपदा समेत 9 ठिकानों पर एक साथ छापा मारा गया। टीम में 2 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 5 उप पुलिस अधीक्षक, 6 निरीक्षक और अन्य अधिकारी शामिल थे। टीम ने जब दस्तावेज, घरों और लॉकर की तलाशी लेनी शुरू की तो बेहरा की अरबों की संपत्ति का खुलासा हुआ।

**हरियाणा में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई:**

## 661 करोड़ के बैंक घोटाले में 3 आईएएस और 1 आईएफएस के ठिकानों पर देर रात छापा, जब्त हुए कई दस्तावेज

**चंडीगढ़/एजेंसी।** हरियाणा प्रशासनिक हलके से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। सूबे के तीन सीनियर आईएएस और एक आईएफएस अधिकारी के ठिकानों पर सीबीआई ने रविवार देर रात एक साथ छापेमारी की है। चंडीगढ़, पंचकूला और दिल्ली-एनसीआर समेत कुल छह जगहों पर यह कार्रवाई की गई है। यह पूरी रेड हरियाणा सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ प्रशासन के दो विभागों के सरकारी फंड में हुई 661 करोड़ रुपये की भारी वित्तीय गड़बड़ी के मामले में की गई है। सीबीआई की इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक अमले में हड×कंप मच गया है। सीबीआई की अलग-अलग टीमों ने हरियाणा कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल, मोहम्मद शाइन, प्रदीप कुमार और आईएफएस नवनीत कुमार श्रीवास्तव के सरकारी और निजी आवासों पर दबिश दी।

## रुद्रप्रयाग में बड़ा हादसा टला, केदारनाथ जा रही कार नदी किनारे गिरी; पांच यात्री बाल-बाल बचे

**रुद्रप्रयाग/एजेंसी।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में रविवार तड़के एक बड़ा सड×क हादसा होते-होते टल गया। तिलवाड़ा पेट्रोल पंप के समीप केदारनाथ धाम की ओर जा रही एक महिंद्रा एक्सयूवी 700 अनियंत्रित होकर सड×क से लगभग 50 मीटर नीचे नदी किनारे पानी में जा गिरी। वाहन में सवार पांच यात्रियों को पुलिस, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जबकि तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह पांच बजे स्थानीय प्रशासन को दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), डीडीआरएफ और 108 एम्बुलेंस सेवा की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। राहत एवं बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर नदी किनारे गिरे वाहन तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाया। बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन संख्या यूपी-16 डीके 0856 पश्चिम बंगाल से आए श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ धाम की यात्रा पर जा रहा था। अचानक वाहन चालक का नियंत्रण बिगडने से कार सड×क से नीचे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन राहत टीमों की तत्परता के चलते सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## सूरत में बड़ा हादसा, ज्वेलरी फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में दम घुटने से चार मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सूरत के वराछा इलाके में शुगर मार्केट के पास आज सुबह एक बहुत दुखद हादसा सामने आया है। यहां एक श्वज्ञक्क प्लांट की टंकी की सफाई करने गए चार मजदूरों की जहरीली गैस के असर से दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह वराछा शुगर मार्केट के पास श्वज्ञक्क प्लांट में चार मजदूर टंकी की सफाई करने गए थे। सफाई के काम के दौरान, टंकी के अंदर मौजूद जहरीली गैस के असर से अचानक चारों मजदूरों का दम घुटने लगा। जहरीली गैस के तेज असर के कारण चारों मजदूर तुरंत टंकी के अंदर ही बेहोश हो गए।

सुबह 10:22 बजे फायर डिपार्टमेंट को फोन करके बताया गया कि टंकी में एक व्यक्ति फंसा हुआ है। हालांकि, जब फायर ब्रिगेड की टीम कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, तो टंकी के अंदर एक नहीं बल्कि चार लोग बेहोश और गंभीर हालत में मिले। फायर टीम ने काफी मशक्कत के बाद चारों लोगों को बाहर निकाला।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में मंथन

### भूपेश बघेल ने फिर की सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात, कहा- दोनों सीटें जीतेंगे



**रांची/एजेंसी।**

राज्यसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच महागठबंधन की बैठकें और रणनीति तेज हो गई है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर्यवेक्षक अजय शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की. शनिवार शाम पूर्व राज्यसभा सदस्य और प्रमुख कारोबारी परिमल नाथवानी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. नाथवानी पहले ही राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र खरीद चुके हैं. इस मुलाकात के बाद विभिन्न प्रकार के कयासबाजी शुरू हो गई है.

इसी बीच छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (कांग्रेस के राज्यसभा चुनाव पर्यवेक्षक) और अजय शर्मा ने दोबारो मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर हेमंत सोरेन से करीब दो घंटे से अधिक समय तक बैठक की. बैठक में महागठबंधन की दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई.

बैठक के बाद भूपेश बघेल ने कहा, कहीं कोई दिक्कत नहीं है. महागठबंधन के दोनों उम्मीदवार की जीत होगी. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महागठबंधन के सभी दलों के विधायकों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया है. भूपेश बघेल ने आगे कहा कि झामुमो और कांग्रेस कल एक साथ राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन करेंगे. सहमति बन चुकी है.

परिमल नाथवानी की मुलाकात पर सवाल के जवाब में भूपेश बघेल ने कहा, लोकतंत्र में कोई भी किसी से मिल सकता है. इसका कोई अलग अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए. अजय शर्मा ने भी स्पष्ट किया, कहीं कोई किंतु-परंतु नहीं है. गठबंधन दोनों सीटें जीतने जा रहा है. जो भी चर्चाएं हो रही हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है. हमारा गठबंधन पूरी तरह एकजुट है. मुलाकात के दौरान झामुमो के घोषित प्रत्याशी बैद्यनाथ राम भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे. उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों के लिए आए हैं. बैद्यनाथ राम ने कहा कि वे रात्रिभोज में भी शामिल होंगे.

# अब अखबार में परोसा खाना तो होगी कार्रवाई

## एफएसएसएआई ने देश भर के फूड वेंडर्स के लिए जारी की सख्त चेतावनी

**मुंबई/एजेंसी।**

अगर आप भी सडक किनारे ठेले या फूड स्टॉल पर अखबार में लिपटा हुआ गरमा-गरम वड़ा-पाव, समोसा, कचौड़ी या चाट बड़े चाव से खाते हैं, तो अब आपको अपनी यह आदत तुरंत बदलनी होगी। आपकी यह छोटी सी लापरवाही आपको किसी गंभीर बीमारी का शिकार बना सकती है। इस मामले पर बड़ा संज्ञान लेते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई ने देश भर में सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। एफएसएसएआई ने देश के सभी खाद्य विक्रेताओं, रेस्तरां मालिकों, स्ट्रीट फूड वेंडर्स और फूड बिजनेस ऑपरेटरों के लिए एक सख्त गाइडलाइन जारी की है, जिसके तहत खाने-पीने की चीजों को अखबार में पैक करने या उसमें परोसने पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

**● इन सभी फूड बिजनेस पर लागू होगा नया नियम**

एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया है कि यह नया नियम छोटे से लेकर बड़े, हर तरह के खाद्य विक्रेताओं पर समान रूप से लागू होगा। इस दायरे में सभी स्ट्रीट फूड विक्रेता, रेस्तरां, क्लाउड किचन, शादियों और पार्टियों के कैटरर्स, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट, फूड स्टॉल, किराना और मिठाई के छोटे दुकानदार, मोबाइल फूड वेंडर और गली-मोहल्लों में सामान बेचने वाले हॉकर शामिल हैं। अब किसी को भी खाद्य सामग्री पैक करने के लिए अखबार या मैगजीन के पन्नों का स्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी।




**● मुंबई के मशहूर वड़ा-पाव आउटलेट पर एक्शन के बाद जागा प्रशासन**

एफएसएसएआई का यह देशव्यापी सख्त फैसला हाल ही में मुंबई में हुई एक बड़ी और औचक कार्रवाई के बाद सामने आया है। दरअसल, मुंबई के एक बेहद लोकप्रिय वड़ा-पाव विक्रेता को खुलेआम ग्राहकों को अखबार में खाना परोसते और उसी में पार्सल पैक करते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद एफएसएसएआई के पश्चिमी क्षेत्र की टीम और मुंबई नगर निगम ने मिलकर उस दुकान पर एक संयुक्त छापेमारी की और सख्त एक्शन लिया। इस कार्रवाई के बाद अथॉरिटी ने पूरे देश के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए साफ कर दिया है कि जो भी दुकानदार, होटल मालिक या रेहड़ी-पटरी वाला इस आदेश का उल्लंघन करेगा, उसका लाइसेंस रद्द होने के साथ-साथ उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**● जानिए क्यों अखबार में रखा खाना है 'धीमा जहर'**

अखबार में खाना पैक करने या परोसने पर रोक लगाने के पीछे एफएसएसएआई ने बेहद चौंकाने वाली और गंभीर वजहों का खुलासा किया है। अथॉरिटी के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों के मुताबिक, अखबारों की छपाई (प्रिंटिंग) में जिस स्याही (इंक) का इस्तेमाल किया जाता है, वह सेहत के लिए बेहद खतरनाक होती है। इस स्याही में कई तरह के हानिकारक केमिकल, खतरनाक सिंथेटिक रंग, पिगमेंट और 'सीसा' एफएसएसएआई जैसी घातक भारी धातुएं शामिल होती हैं। जब कड़ाही से निकला हुआ बेहद गर्म और तैलीय (ऑयली) खाना अखबार पर रखा जाता है, तो गर्मी के कारण वह स्याही तुरंत पिघल जाती है और खाने के साथ चिपककर हमारे पेट में पहुंच जाती है। लंबे समय तक ऐसा दूषित और केमिकल युक्त खाना खाने से शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचता है और यह शरीर में एक धीमे जहर की तरह इका होने लगता है, जिससे कैंसर, पेट की गंभीर बीमारियां और लिवर-किडनी खराब होने का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

संपादकीय

# पानी का अकाल या हमारे ज़मीर का सूखा?

जून की इस झुलसाती धूप में जब देश के बड़े शहरों से लेकर कस्बों तक पानी की बूंद-बूंद के लिए हाहाकार मचा है, तब एक बेहद गंभीर और नीतिगत कड़वी हकीकत हमारे सामने खड़ी है। यह संकट सिर्फ नदियों के असमय सूखने या कमजोर होते मानसून का मौसमी चक्र नहीं है; बल्कि यह हमारे अनियोजित शहरीकरण, प्रशासनिक दूरदर्शिता के अभाव और सामाजिक संकोच के सूख जाने का सबसे बड़ा प्रमाण है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के हालिया आंकड़े गवाही देते हैं कि देश के कई प्रमुख शहरी क्षेत्रों में भूजल का स्तर खतरनाक रूप से 'क्रिटिकल जोन' में पहुंच चुका है। लेकिन इस तकनीकी संकट के समानांतर, हमारे भीतर की इंसानियत का सूख जाना इससे भी बड़ा खतरा है। विडंबना देखिए, जिस देश की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा मानवीय कर्तव्य माना गया, जहां राहगीरों के लिए चौराहों पर सामूहिक प्याऊ लगवाना ऊंचे संस्कारों की पहचान थी, आज उसी समाज के बुनियादी मूल्य दरक रहे हैं। महानगरों की ऊंची-ऊंची इमारतों और वीआईपी सोसायटियों में रहने वाला एक बड़ा वर्ग जहां अपनी गाड़ियों को चमकाने और बगीचों को हरा-भरा रखने के लिए रोज हजारों लीटर साफ पानी सड़कों पर बहा देता है, वहीं उसी देहरी पर दिन-भर पसीना बहाने वाले कूरियर बॉय, सुरक्षा गार्ड या दिहाड़ी मज़दूर को एक ग्लास शुद्ध पेयजल के लिए भी उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। विकास की इस मशीनी दौड़ ने समाज के भीतर एक ऐसी बेरुखी पैदा कर दी है, जहां दूसरों की बुनियादी जरूरतें अब हमें विचलित ही नहीं करतीं। बात सिर्फ शहरी बेरुखी तक सीमित नहीं है। ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी पानी की गंभीर किल्लत ने बरसों पुराने भाईचारे और सामुदायिक रिश्तों में दरार डाल दी है। जल-स्रोतों पर कब्जे की होड़ और पानी के टैंकरों के सामने दो बाल्टी पानी के लिए अपनों को आपस में उलझते देखना यह बताता है कि संसाधनों का यह असमान वितरण कैसे हमारे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। जब पानी जैसी जीवनरक्षक जरूरत के लिए भी नागरिक को प्रशासनिक लाचारी का सामना करना पड़े, तो समझ लीजिए कि जल-प्रबंधन की हमारी नीतियां धरातल पर पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। 'झलक' का यह सुविचारित और स्पष्ट मानना है कि जब तक हम पानी को सिर्फ एक 'कमर्शियल कमोडिटी' या बोतल में बिकने वाला सामान समझते रहेंगे, तब तक जल-संरक्षण के किसी भी सरकारी अभियान को जनआंदोलन नहीं बनाया जा सकेगा। सरकारों को तात्कालिक राहत से आगे बढ़कर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के नियमों को कड़ाई से लागू करना होगा और पारंपरिक जल-निकायों (तालाबों, बावड़ियों) के पुनरुद्धार को अनिवार्य नीति बनाना होगा। पानी की हर एक बचती हुई बूंद ही हमारे जीवित समाज की साख है। अगर आज हमारी आंखों का पानी सूख चुका है, तो कल हमारे हलक का सूखना भी तय है।

# एआई दूर नहीं कर सकता है यह खाई

**मानव अधिकार और पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, आज इसे पूरी दुनिया मानने लगी है। लेकिन यह मान रही है इसके पीछे दुनिया की मजबूरी है वरना मनुष्य अपने भौतिक सुखों में इतना डूब चुका है कि उसे और किसी की खबर कहाँ है? स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, सुरक्षित प्राकृतिक संसाधन तथा स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति के जीवन, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। इसी कारण आज विश्व स्तर पर स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार एक मूलभूत मानव अधिकार के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत में भी संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार की व्यापक व्याख्या करते हुए न्यायपालिका ने स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को मानव अधिकार का अभिन्न अंग माना।**

**डॉ. कन्हैया त्रिपाठी**

भारत ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला, अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन पहलों ने न केवल पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत किया बल्कि करोड़ों नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े मानव अधिकारों को भी सुदृढ़ किया है, इस बात का संतोष होता है। मानव अधिकारों का मूल उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। लेकिन बिना अनुकूलता के सम्मान कहाँ मिलता है? यदि किसी व्यक्ति को स्वच्छ हवा न मिले, पीने योग्य पानी उपलब्ध न हो, प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा न मिले या उसका प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित जीवन प्रभावित हो जाए, तो उसके मूल अधिकारों का क्या? पर्यावरणीय क्षरण के सबसे अधिक प्रभाव गरीब, आदिवासी, ग्रामीण और तटीय समुदायों पर पड़ते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण केवल प्रकृति की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और मानव अधिकारों की रक्षा का भी प्रश्न है, मानें या न मानें। ग्रीन इंडिया मिशन, प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, नगर वन योजना तथा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना जैसी पहलों ने हरित क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा मिला और करोड़ों पौधों का रोपण हुआ। लेकिन भारत सरकार द्वारा अपनाई गई पर्यावरणीय नीतियाँ आज भी पर्याप्त हैं, यह कहना ठीक नहीं है। वन वीरान हो गए। लेकिन क्या आपको पता है वन केवल पेड़ों का समूह नहीं हैं, बल्कि वे जलवायु संतुलन, जैव विविधता संरक्षण और लाखों लोगों की आजीविका के आधार हैं। भारत के कुल वन और वृक्ष आवरण में हुई वृद्धि देश की पर्यावरणीय क्षमता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है लेकिन वनों की कटाई भी तो खूब हो रही है। यह नहीं भूलना चाहिए कि वनों का विस्तार मानव अधिकारों से सीधे जुड़ा हुआ है क्योंकि इससे स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, भूमि की उर्वरता तथा जलवायु सुरक्षा सुनिश्चित होती है। ग्रामीण और वनवासी समुदायों की आजीविका भी वन संसाधनों पर निर्भर करती है। इस प्रकार वन संरक्षण सामाजिक एवं आर्थिक अधिकारों को भी सुदृढ़ करते हैं। वनों के साथ हमें जल पर भी बात करनी चाहिए। जल जीवन का आधार है। प्रदूषित जल न केवल स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न करता है बल्कि मानव जीवन के अधिकार को भी प्रभावित करता है। इसी उद्देश्य से आरंभ किया गया नमामि गंगे कार्यक्रम भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी पुनर्जीवन योजनाओं में से एक है।

# पर्यावरण में है जीवनी शक्ति




**डॉक्टर अनिता राय**

परि (चारों ओर) आवरण (घेरा) से मिलकर बना अर्थ है– चारों ओर फैला प्राकृतिक परिवेश, जिसमें मनुष्य अपना जीवन व्यतीत करता है। हमारे चारों तरफ के वतावरण का संरक्षण कर उसे जीवन के अनुकूल बनाना पर्यावरण सबंधित चिंताएं वैदिक काल से आज तक बनी हुई है। प्राचीन ग्रंथों में पर्यावरण को ईश्वर का साक्षात् स्वरूप माना गया है। पंच महाभूतों (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश) को मानव जीवन का आधार बताया गया है। पर्यावरण के संरक्षण, शुद्धता और संतुलन के लिए नियमों का वर्णन भी ग्रंथों में किया गया है। अथर्वेद में वृक्षों और वनों को संसार के समस्त सुखों का स्त्रोत कहा गया है और वृहदाद्ख्य उपनिषद् में वृक्षों में जीवनी शक्ति है ऐसा बताया गया है तथा मानव को पर्यावरण के प्रति सचेतन जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया गया है। सन् 1973 में पहली बार 5 से 16 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया और निरंतर यह दिवस मनाया जा रहा है। आज के समय की सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियाँ पर्यावरण संबंधित हैं जैसे लगातार युद्ध, होने के साथ जलवायु परिवर्तन ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन से वैश्विक तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है परिणाम स्वरूप ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। औद्योगिक कचरे, धुएँ, प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से हवा तथा पानी दूषित हो गए हैं। आज जलवायु प्रदूषण ने तीव्र गति पकड़ ली है। शहरीकरण से पेड़ों की कटाई की वृद्धि से प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं, मिट्टी के कटाव के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, बाढ़, भूकंप आदि का हमें बार–बार सामना करना पड़ रहा है। जीव, वनस्पतियों पर संकट मंडरा रहे है ।पर्यावरण संरक्षण मानवता की जिम्मेदारी है हमें प्रदूषण को कम करने का संकल्प लेना होगा। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करना, वनस्पतियों की रक्षा करना, जल ऊर्जा और प्लास्टिक का सही उपयोग करना, जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित करना, भूमि और जल संसाधनों की बचत करना, नदियों को साफ रखना, जीवों के लिए स्वस्थ वातावरण बनाना, सड़क नाली कूपों को स्वच्छ रखना आदि पर विशेष ध्यान देना है, क्योंकि पर्यावरण किसी एक की संपति नहीं प्रत्येक मनुष्य का दायित्व है कि इसे सुरक्षित रखें। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जलवायु परिवर्तन के रोकथाम के लिए और शुद्ध ऑक्सीजन् प्राप्त करने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पेड़ पर्यावरण का अनिवार्य अंश है। यह वायु को स्वच्छ रखते हैं, भू जल स्तर बढ़ाते हैं, आपदाओं को मिट्टी कटाव को रोकते है, धरती की सतह को स्थिर रखने का काम करते हैं द्य कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ बनाने का कार्य करते हैं। साथ ही हरियाली देखकर हम अधिक खुश और उत्साहित होते हैं। वृक्षारोपण की गतिविधियों में समय बिताने से हम अपने दैनिक तनाव की मात्रा को कम कर सकते हैं।

कुल मिलाकर हमें पर्यावरण की रक्षा और अपने भविष्य की सुरक्षा करनी है तो वृक्षारोपण कर, प्लास्टिक का त्याग कर, सौर ऊर्जा पवन उर्जा और स्वच्छ उर्जा स्रोतों को अपनाने पर जोर देना होगा।

अध्यात्म

# दूसरों के पीछे मत भागो?



एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ।

युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा।

उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक से जोर-जोर से हांफ रहा था।

स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई?

युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था।

तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है।

युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

# करप्शन की 'आग' में 'खाक' हुई कई जिंदगियां

**थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं?**

**डॉ.रमेश ठाकुर**

भीषण अग्निकांड देश की राजधानी के माथे पर बर्निंग कैपिटल का ठप्पा लगा रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में हुए भंयकर अग्निकांडों से शासन-प्रशासन द्वारा सबक न लेने का नतीजा है मालवीय नगर अग्निकांड की घटना? दिल्ली में साल नहीं, बल्कि प्रत्येक महीने कहीं न कहीं अग्निकांड की पुनरावृत्ति हो रही है। लिबर्टी सिनेमा जैसे बड़े अग्निकांड तो मात्र बानगी हैं, उससे भी कहीं बढ़कर दर्दनाक घटनाएं लगातार जारी हैं। यही कारण है कि दिल्ली को अब बर्निंग कैपिटल कहा जाने लगा है। मालवीय नगर घटना में कई विदेशी पर्यटक भी हताहत हुए हैं, जो भारत के लिए वैश्विक स्तर पर शर्मसार करता है? पिछले माह ही पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में एक घर में एसी ब्लास्ट से तीन परिवारों के 9 लोग जलकर मरे थे। उससे पहले पालम विहार में भी एक भीषण अग्निकांड में एक ही परिवार के 9 लोग जिंदा जलकर खाक हो गए थे। मुंडका, पहाड़गंज, जामिया नगर, मंडावली, सदर बाजार, चांदनी चैक की घटनाओं को भी दिल्ली वाले नहीं भूले हैं।

सवाल उठता है, क्या अग्निकांड की घटनाएं कभी रूक पाएंगी या यूं ही बेकसूर लोग आग के हवाले होते रहेंगे। कह सकते हैं कि मालवीय नगर अग्निकांड में 25 लोग जलकर मरे नहीं, बल्कि उनकी सुनियोजित तरीके से चरमराती शासकीय व्यवस्था ने सामूहिक हत्याएं की हैं। लानत और धिक्कार है ऐसी व्यवस्था पर जब ऐसी घटनाओं पर भी लीपापोती की जाती है। मालवीय नगर अग्निकांड इतना दुखद है कि जिसे तस्वीरों में जिन्होंने भी टीवी-अखबारों या सोशल मीडिया के जरिए देखा या सुना? उनके मन को पूरी तरह से झकझोर दिया। घटना के वक्त पीड़ितों की मदद की गुहार और उनकी दर्दभरी चीख-पुकारें चश्मदीदों को रूला रही थीं, वो सहायता के लिए आगे बढ़ना चाहते थे लेकिन असहज थे। दरअसल, आग की लपटों ने पूरे होटल को अपने कब्जे में लिया हुआ था। इसलिए निहत्थे मददगार चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। घटना सुबह करीब साढ़े आठ या नौ बजे के आसपास की है।

करीब घंटे-डेढ़ घंटे बाद फायरब्रिगेड, स्थानीय पुलिस व अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचें और तत्काल प्रभाव से मोर्चा संभाला? लेकिन, शायद तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग ने होटल के सभी कमरों को अपने आगोश में ले लिया था। स्थानीय लोग असहाय थे। मदद करना चाहते थे, लेकिन किसी का कोई बस नहीं चला। आग इतनी तेजी से भड़क हुई थी जिससे बचावकर्मी भी फंस गए। करीब आठ-दस बचावकर्मी भी आग से झुलस गए जिनका चिकित्सा उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। दिल्ली में लगातार होते अग्निकांड के कुछ वाजिब कारण है जिसे हुकूमत अच्छे से जानती है। अव्वल तो, महानगरों में अनियोजित अवैध निर्माण, जो हादसों को चौबीसों घंटे न्योता देते हैं। वहीं, जिस होटल में आग लगी, उसमें कमरों को बनाने की इजाजत मात्र 6 कमरों की थी, लेकिन 25 कमरे बने हुए थे। 4 मंजिला



परमिशन के बाद 7 मंजिला बनाया हुआ था। पूरे होटल में एक भी रेस्क्यू उपाय नहीं था। बिजली का अतिरिक्त लोड लदा था। पूरे होटल की इमारत घूसखोरी के दम पर टिकी थी जिसमें बिजली विभाग से लेकर एमसीडी, पुलिस, फायर ब्रिगेड तक सभी भ्रष्टाचार के तालाब में गोते लगा रहे थे। सभी विभागों ने नियमों को ताक पर रखा हुआ था। ये सभी विभाग प्रत्येक महीने अपना हिस्सा लेकर होटल से जाते थे। स्थानीय सफेदपोश और लोकल प्रशासन भी अंजान नहीं थे।

दिल्ली फायर सर्विस के आंकड़े की माने तो दिल्ली में इस वर्ष जनवरी में छोटी-बड़ी करीब 1,396 घटनाएं रिपोर्ट हुईं। वहीं, फरवरी में 1,096, मार्च में 1,538 और अप्रैल में बढ़कर ये आंकड़ा 2,663 तक जा पहुंचा। विवेक विहार में 'चाइल्ड केयर अस्पताल' की घटना को याद करके आज भी रोंगटे खडे होते हैं जहां अचानक लगी आग से उपचाराधीन कई दर्जन नवजात बच्चे जलकर मर जाते हैं। उस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। ऐसी ही एक घटना दो साल पहले 26 जनवरी को मानसरोवर पार्क में हुई थी जिसमें 4 लोग जलकर मरे थे। कुल मिलाकर इन सभी दर्दनाक घटनाओं से शासन-प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली? दिल्ली में अग्निकांड की एक घटना घटती है तो दूसरी घटना की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। हादसे की जांचों का खेल भी बड़ा निराना है। जब तक शोर मीडिया और आम लोगों की चर्चाओं में रहता, जांच के नाम पर डंडा खूब फटकारा जाता है। थोड़े समय बाद सबकुछ शांत हो जाता है। मालवीय नगर घटना की भी जांच होगी कुछ दिन? सील किया जाएगा होटल, एकाध गिरफ्तारियां भी होंगी। अवैध निर्माण का हवाला देकर तोड़फोड़ होगी, बुलडोजर भी इलाके में कुछ दिनों तक हूं-हूं करेगा। अंत में प्रशासन फिर किसी बड़े हादसे के इंतजार कमरे में बैठकर करेगा। मालवीय नगर घटना की तपिश को दिल्ली सरकारी किसी तरह से शांत करने की जुगत में है। बे-मौत मरे लोगों की जान की कीमत कुछ लाख रुपए मुआवजा देकर रफा-दफा करने की फिराक में है। पर, इस हादसे में कई लोग ऐसे भी हैं जो अपने घरों में इकलौते कमाने वाले थे। उनकी तो दुनिया ही लुट गई। किसी ने अपना पति खोया, तो किसी ने अपना पिता? क्या इस कमी की भरपाई कोई कर पाएगा? शायद नहीं? दिल्ली में आग की घटनाओं से पिछले 5 सालों में 2022-2026 जून तक 302 लोगों की मौतें हुईं। पिछले दो सालों में अग्निकांड की घटनाएं दिल्ली में दूसरे राज्यों के मुकाबले सर्वाधिक बढ़ी हैं। अफसोस इस बात का है कि घटनाओं को रोकने और बचाव के इंतजामों में कोई तरक्की नहीं हुई। मई-जून के महीनों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। क्योंकि इन दिनों अतिरिक्त उर्जा लोड बढ़ने से बिजली के तारों से शॉर्टसर्किट होना आम होता है। ये सब जानते हुए भी होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान वाले कोई व्यवस्थाएं अपने यहां नहीं करते। फायर ब्रिगेड भी रामभरोसे हैं उनकी भी तैयारियां पुरानी और बे-जार होती हैं, जबकि उसे आधुनिक किए जाने की जरूरत है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
करियर के लिये आज का दिन बहुत अच्छा है। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की सम्भावना है।

**वृषभ**
आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

**मिथुन**
अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम सम्बन्धों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्रगण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी महत्त्वपूर्ण बैठक के लिये जा रहे हैं, तो आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**कन्या**
अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है। बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें।

**तुला**
कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। आज आपको दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। मार्केटिंग सम्बन्धी कारोबारियों को लाभ होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में आनन्द का अनुभव करेंगे।

**धनु**
आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिये। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। सन्तान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी।

**मकर**
आज अपने काम का भरपूर आनन्द उठायेंगे। विदेश यात्रा की सम्भावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। आज आप ऑनलाइन शॉपिंग में अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ**
राजनीतिज्ञ लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उन्हें शान्ति से निपटायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मीन**
आय के नये विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेम विवाह के लिये परिवार को सहमत करने में सफलता मिलेगी। नयी सम्पत्ति खरीद सकते हैं।

दोनों उम्मीदवारों के सर्वोच्च सदन में जाने से मिलेगा देश-प्रदेश को लाभ

अपने कर्मों के कारण सिमटती जा रही कांग्रेस

# कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत हमारा संगठन मजबूत

## दो साल बनाम पांच साल पर चर्चा से भागे कांग्रेस नेता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन और भाजपा सरकार की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि हम भारत माता का नाम लेकर अपनी नीति और योजनाओं की शुरुआत करते हैं और देश-प्रदेश के विकास के लिए ईमानदारी से काम करते हैं। डॉ. सतीश पूनिया एवं डॉ. अल्का गुर्जर ने संगठन और सरकार दोनों में रहकर काम किया है। ऐसे में उनके देश के सर्वोच्च सदन में जाने से राजस्थान को बहुत लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में सकारात्मक परिवर्तन आए हैं। वहीं, राज्य सरकार ने भी ढाई साल में जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए आमजन के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को लेकर हम सरकार में आए, उन विषयों पर हमने ईमानदारी से काम किया है। जिसका असर ग्राम विकास चौपालों में नजर भी आ रहा है, क्योंकि इनमें राजीविका से जुड़ी महिलाओं, किसानों और युवाओं ने अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को खुद बयां किया है। यही कारण है कि जब हमने दो बनाम पांच साल का ब्योरा विधानसभा में रखा, तो कांग्रेस के नेता बहस से भाग खड़े हुए।

उन्होंने कहा कि अपने कर्मों के कारण आज कांग्रेस सिमटती जा रही है। वहीं, हमारा संगठन पंचायत से लेकर पार्लियामेंट्री तक छाया हुआ है, यह सब कुछ कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत है। उन्होंने कहा कि आज के समय को देखते हुए हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही प्रचार-प्रसार पर भी ध्यान देना होगा।





### संगठन ने मुझे हर कदम पर दिया मान-सम्मान और अवसर : राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया

राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि हमारा संगठन परिश्रम को तिलक लगाकर सम्मानित करता है। मैंने भी एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शुरूआत की थी और संगठन ने मुझे हर कदम पर मान-सम्मान और अवसर दिया। उन्होंने शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के साथ कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की दुआओं से ही मुझे राज्यसभा जाने का अवसर मिल रहा है।

### हम सभी सहयोगी बनकर डबल इंजन सरकार के लिए करते रहेंगे कार्य : राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. अल्का गुर्जर

राज्यसभा प्रत्याशी डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ताओं के विश्वास से हमें इतना बड़ा अवसर मिल रहा है। हम सभी सहयोगी बनकर डबल इंजन सरकार और राजस्थान के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। विधायक दल की बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित अन्य मंत्री एवं विधायक मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आ''ान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों को आत्मसात करते हुए सभी विधायक अलग-अलग वाहनों की बजाय एक ही बस में सवार होकर मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे।

### ● योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में भूमिका निभाएं - भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया और डॉ. अल्का गुर्जर का राज्यसभा जाना हमारे लिए गर्व की बात है। दोनों मजबूत नेता हैं और हिंदुस्तान के सर्वोच्च सदन में दोनों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। साथ ही, दोनों राजस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य भी करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में भूमिका निभाएं। उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया पर पूरी तैयारी के साथ काम करने की अपील भी की।

» भारत माता की सेवा ही हमारे संगठन का संकल्प

### ● जनकल्याण के कार्य सोशल मीडिया पर करें अच्छे से प्रचारित : भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार

भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को अगर समझना है, तो कार्यकर्ता बनकर काम करना जरूरी है। भारत माता की सेवा ही हमारे संगठन का संकल्प है और हम इस संकल्प के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन के जरिए ही एक आम कार्यकर्ता अपनी पहचान स्थापित करता है।

अजेय कुमार ने सोशल मीडिया पर जोर देते हुए कहा कि नेता अपने सोशल मीडिया एक्टिव रहें और जनकल्याण के कार्य सोशल मीडिया पर भी अच्छे से प्रचारित करें। इसके अलावा अपने काम की निरंतर समीक्षा करते हुए आगे की प्लानिंग करें।

अजेय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में केवल देश में ही विकास नहीं हुआ है, बल्कि देश के बाहर विदेशों में भी भारत की नई पहचान बन रही है। उन्होंने आ''ान करते हुए कहा कि हमारा दायित्व इसी विकास गाथा और जनकल्याण की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी नेता अपने कार्यकर्ताओं की टीम के साथ जनता के बीच जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### साधु संतों ने दी देवानंद महाराज को अंतिम विदाई



**चमकता राजस्थान/ चौथ का बरवाड़ा/सुरेश खटाना।** चौथ का बरवाड़ा उपखंड रजमाना निवासी स्वामी देवानंद महाराज को हजारों की संख्या में चरणक्या दह आश्रम पहुंचकर अंतिम दर्शन के लिए स्वामी का पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए रखा गया हजारों की संख्या में महिला पुरुष आश्रम पहुंचकर महाराज के दर्शन कर नम आंखों से अंतिम दर्शन किए।चौथ का बरवाड़ा सवाई माधोपुर बोली खिरनी जटवाड़ा लोहरवाड़ा ढूंढा देवली सुरंग हथडोली मेहसरा ओर दर्जनों गावो के भक्तों के साथ महाराज के गांव ओर परिवार ने पहुंचकर स्वामी श्री भजनानंद महाराज के जयकारों के साथ स्वामी श्री देवानंद महाराज के जयकारे लगाते हुए अमर रहे के नारों से पूरा आश्रम गूंज उठा सभी साधु संतों ने अंतिम दर्शन करवाने के बाद पार्थिव देह को मिट्टी दाह किया ।बता दे आपको स्वामी श्री देवानंद का हाल ही में कोटा चंद्रसेन आश्रम पर हत्यारों ने देर रात निर्मम हत्या कर मौत के घाट उतर दिया गया था देवानंद महाराज नोहटा टोंक आश्रम पीठाधीश स्वामी श्री भजनानंद महाराज के शिष्य थे जो बाद में चाणक्या दह आकर अपना आश्रम बना लिए थे

### लॉयन्स अंतर्राष्ट्रीय के स्थापना दिवस पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** लॉयंस क्लब अंतर्राष्ट्रीय के स्थापना दिवस पर लायंस क्लब परबतसर द्वारा लॉयन दलपत सिंह रुणिजा के सौजन्य क्लब का 72 वाँ निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच एवं ऑपरेशन शिविर राव जयमल छात्रावास में आयोजित किया गया ।लॉयंस क्लब अंतर्राष्ट्रीय के संस्थापक मेलविन जॉन्स के छायाचित्र पर पुष्पहार अर्पित कर मिठाई खिलाकर संगठन के प्रमुख सेवा कार्य नेत्र ज्योति पर यह शिविर आयोजित कर सभी लायंस द्वारा स्थापना दिवस की बधाई दी गई। जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग व शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर द्वारा 82 मरीजों की बीपी,मधुमेह तथा आंखों की निःशुल्क जांच की गई तथा 40 लोगों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन किया गया । फॉलोअप कैंप में पूर्व में ऑपरेशन करवाकर लौटे 46 मरीजों को चश्मा वितरण किया गया ।कैंप में मरीजों के लिए भोजन, पानी, तथा चाय की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अजीज खान परिहार पूर्व अध्यक्ष गोरधन लाल जांगिड़,चार्टर अध्यक्ष रमेश चन्द्र बोहरा, हरीश प्रजापति, जगदीश प्रसाद वर्मा, इकबाल मोहम्मद छींपा, मनवर खां चावड़ा, मुकेश कुमार सोनी, योगेश वर्मा,चुन्ना राम चौधरी,सत्यनारायण सैनी एवं बालिका विद्यालय की गाइड ने कैंप मेंअपनी सेवाएं।

## ग्राम बेमाली में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का निरीक्षण, शिक्षा के क्षेत्र में नई पहल उदय लाल भडाणा मांडल विधायक

चमकता राजस्थान

महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/ मांडल भीलवाड़ा। मांडल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेमाली में निर्माणाधीन सार्वजनिक लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए मांडल विधायक श्री उदयलाल भड़ाना ने कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक श्री भड़ाना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी का निर्माण शिक्षा और ज्ञान के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं होता, बल्कि यह विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों के लिए ज्ञान का केंद्र होता है। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा तथा शिक्षा के स्तर में सकारात्मक सुधार होगा।



उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से आह्वान किया कि वे पुस्तकों से जुड़ें, नियमित अध्ययन करें तथा अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर गांव, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। विधायक श्री भड़ाना ने कहा कि शिक्षा ही विकास की सबसे मजबूत नींव है और शिक्षित समाज ही समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है।

गौरतलब है कि विधायक श्री उदयलाल भड़ाना के प्रयासों से ग्राम बेमाली में आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। ग्रामीणों ने भी इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

शिक्षा से ही विकास संभव है, और पुस्तकालय ज्ञान के द्वार खोलने का सबसे सशक्त माध्यम है।

## बाड़ी में एसडीएम अमित वर्मा का भीम आर्मी ने किया भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान

**धौलपुर/अलवर (नरेन्द्र तिलकपुर)।** बाड़ी उपखंड मुख्यालय पर उपखंड अधिकारी अमित वर्मा का भीम आर्मी एवं भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वागत समारोह के दौरान बीएएसएफ संभाग प्रभारी सचिन जोनवाल ने एसडीएम वर्मा को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह इंदौरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलू गुर्जर, फूलसिंह जोनवाल, बाड़ी विधानसभा अध्यक्ष भीम सेन जोनवाल, उपाध्यक्ष विनोद भास्कर, बीएएसएफ जिला सचिव शिशुपाल मॉरल, धौलपुर विधानसभा अध्यक्ष मनोज कुमार सहित कृष्णा लहरी, नीरज भास्कर, कृष्णा कुमार, दीपक कुमार, योगेश कुमार, अंकित कुमार, पवन और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त एसडीएम से जनहित एवं सामाजिक न्याय से जुड़े कार्यों में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा जताई। एसडीएम वर्मा ने सभी को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक कार्य पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ किए जाएंगे।

## दिवा में मासूम की मौत के बाद एक्शन मोड में प्रशासन! ठाणे में 24 संदिग्ध फर्जी डॉक्टरों का पर्दाफाश

### ● घोडबंदर, दिवा और मुंब्रा में निगम की बड़ी कार्रवाई; 1,452 क्लीनिकों की जांच, दोषियों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** दिवा में एक कथित फर्जी डॉक्टर की लापरवाही से मासूम बच्चे की मौत के बाद ठाणे महानगरपालिका प्रशासन हरकत में आ गया है। शहरभर में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान घोडबंदर, दिवा, मुंब्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 24 संदिग्ध फर्जी डॉक्टरों का पर्दाफाश हुआ है।



महानगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रभागों में की गई जांच में माजिवडा-मानपाडा क्षेत्र में सबसे अधिक 6 संदिग्ध फर्जी डॉक्टर पाए गए, जबकि दिवा और कलवा क्षेत्र में 5-5 संदिग्ध डॉक्टरों की पहचान की गई है। सभी मामलों की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मार्च माह में महानगरपालिका की महासभा में फर्जी डॉक्टरों का मुद्दा उठाए जाने के बाद विशेष जांच दल का गठन किया गया था। जांच के दौरान कई ऐसे लोग सामने आए जो बिना मान्य मेडिकल डिग्री और वैध पंजीकरण के मरीजों का इलाज कर रहे थे।

महानगरपालिका के अनुसार अब तक शहरभर के 1,452 क्लीनिकों और दवाखानों की जांच की जा चुकी है। संदिग्ध डॉक्टरों की सूची तैयार कर उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्र, मेडिकल रजिस्ट्रेशन और अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जांच पूरी होने के बाद दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महानगरपालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि इलाज कराने से पहले डॉक्टर की योग्यता, मेडिकल रजिस्ट्रेशन नंबर और लाइसेंस की जांच अवश्य करें। दिवा की दर्दनाक घटना के बाद शुरू हुई इस मुहिम को फर्जी चिकित्सा कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी ऐसे विशेष अभियान और अधिक सख्ती के साथ जारी रहेंगे।

## फिट इंडिया मिशन के तहत श्रीगंगानगर पुलिस की साइकिल रैली, आईजी ओमप्रकाश ने दिखाई हरी झंडी

चमकता राजस्थान

**रायसिंहनगर(जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** श्रीगंगानगर फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत आयोजित ₹संडे ऑन साइकिल₹ अभियान के तहत रविवार को श्रीगंगानगर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, फिटनेस को बढ़ावा देना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना रहा।

रायसिंहनगर सेक्टर में आयोजित मुख्य साइकिल रैली को बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ओमप्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और साइकिल चलाना स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने युवाओं और आमजन से फिट इंडिया अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। रैली में जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल, वृताधिकारी रायसिंहनगर श्रीमती प्रियंका (आरपीएस), वृताधिकारी करणपुर पुष्पेंद्र सिंह (आरपीएस), थानाधिकारी रायसिंहनगर महावीर बिश्नोई, थानाधिकारी गजसिंहनगर श्रीमती शालू बिश्नोई सहित पुलिस एवं बीएसएफ के अधिकारी-कर्मचारी, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।




रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। वहीं जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर में भी साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाक र रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और फिट इंडिया मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय एवं सकारात्मक संवाद स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभियान के माध्यम से जिलेभर में स्वास्थ्य, फिटनेस और जनजागरूकता का संदेश पहुंचाया गया।

# 500 समर्थकों संग युवा समाजसेवी रामवीर पोसवाल ने थामा कांग्रेस का दामन, सदस्यता एवं स्नेह मिलन समारोह संपन्न

चमकता राजस्थान





**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर,** बाड़ी स्थित निजी मैरिज होम में आज विधानसभा प्रभारी प्रशांत सिंह परमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता सदस्यता एवं स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी एवं युवा नेता रामवीर पोसवाल ने अपने लगभग 500 समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं धौलपुर जिला प्रभारी अजीत यादव, जिला सह-प्रभारी भूपेंद्र भारद्वाज, विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार जाटब, बाड़ी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने रामवीर पोसवाल एवं उनके समर्थकों को कांग्रेस का दुपट्टा एवं माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और जनसेवा की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं का पार्टी से जुड़ना अत्यंत सुखद संकेत है।उन्होंने कहा कि युवा समाजसेवी रामवीर पोसवाल एवं उनके समर्थकों के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा आने वाले नगर पालिका एवं पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच पहुंचेगी।

जिला सह-प्रभारी भूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ही देश के संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की सच्ची रक्षक है। युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है, कि जनता का विश्वास कांग्रेस के प्रति लगातार बढ़ रहा है। विधानसभा प्रभारी सद्दाम हुसैन ने कहा कि कांग्रेस का संगठन गांव-गांव और वार्ड- वार्ड तक मजबूत किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से आने वाले चुनावों में कांग्रेस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगी।विधायक एवं जिला अध्यक्ष संजय जाटव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आमजन, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं कमजोर वर्गों की आवाज उठाने का कार्य करती रही है। पार्टी की जनहितकारी नीतियों से प्रभावित होकर लगातार लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। बाड़ी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पार्टी है, और संगठन की मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी नवसदस्य बने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आ''ान किया। कार्यक्रम में सभी वक्त-ाओं ने देश एवं प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक हालात, संविधान की रक्षा, सामाजिक सद्भाव, युवाओं के रोजगार, किसानों की समस्याओं तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर भरतपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सू फा, जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र जैन, पूर्व प्रधान लखन सिंह खिड़ौरा, सैंपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, राजकुमार भारद्वाज, धर्मेंद्र शर्मा, सत्यवान सिंह गुर्जर, नगर पालिका प्रतिनिधि अध्यक्ष होतम सिंह जाटव, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलखन मीणा, हरि सिंह पहाड़िया, एल.एस. यादव, धर्मेंद्र परमार, रोशनी शिवहरे, शालिनी शर्मा, लीना शर्मा, मोहम्मद शफी फारुकी, धौलपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिबू लोधा, धौलपुर नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, बॉबी जगरिया, अनिल आरेला, रामसेवक अजर, महादेव मीणा, जगन मीणा, भारत लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन कांग्रेस पार्टी की एकजुटता, संगठन विस्तार एवं जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### समेजा कोठी थाना पहुंचे आईजी ओम प्रकाश, ग्रामीणों से किया संवाद, कानून व्यवस्था पर लिया फीडबैक



**चमकता राजस्थान/समेजा कोठी ( जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)**। बीकानेर रेंज के ओम प्रकाश ने रविवार को समेजा कोठी थाना परिसर का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल, थाना अधिकारी कृष्ण लाल सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आईजी ओम प्रकाश ने थाना रिकॉर्ड, सुरक्षा व्यवस्था एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही पुलिस सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने तथा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे। आईजी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और पुलिस प्रशासन से जुड़े सुझाव प्राप्त किए। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं कानून व्यवस्था संबंधी मुद्दों को उनके समक्ष रखा, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

आईजी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सकारात्मक संवाद देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में पुलिस और जनता के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### नारी जन जागृति संस्थान ने की भारत माता की आरती



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महीने का पहला रविवार नारी जन जागृति संस्थान का भारत माता की आरती का दिन नारी जन जागृति संस्थान द्वारा भागवत परिवार के साथ प्रातः 6.15 पर भारत नारी शक्ति मोनिका राजावत द्वारा भारत माता का श्रृंगार कर आरती की गई। आरती कर माता रानी से देश के लिए खुशहाली की प्रार्थना की गई।

ओर नारी जन जागृति संस्थान द्वारा 11 जून से 14 जून तक लगाए जाने वाले आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कैंप की सफलता के लिए प्रार्थना की गई अध्यक्ष ममता गुप्ता ने बताया कि नारी जन जागृति संस्थान द्वारा 11 जून से जो आत्मसुरक्षा प्रशिक्षण कैंप लगाया जा रहा है वह बिल्कुल निशुल्क है ओर 7साल से 35 साल तक की कोई भी बालिका ओर महिलाएं इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। यह कैंप sd govt कॉलेज के पास नायरा पेट्रोल पंप के पीछे गार्डन में शाम 4.30 से 7 बजे तक रखा गया है। इसमें कराटे ,लाठी चलाना,ओर तलवार चलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आज के युग समय को देखते हुए बालिकाओं ओर महिलाओं को अपनी सुरक्षा के लिए इन सभी में पारंगत होना चाहिए।

इसके अलावा कैंप में संस्कार सेशन भी लगाया जाएगा ।

सभी से अनुरोध है कि अपनी बच्चियों ओर अड़ोस पड़ोस में सभी को इस कैंप की में जानकारी दे ओर उन्हें कैंप में आने के लिए जागरूक करे।

आरती में नारी जन जागृति संस्थान से सचिव सावित्री देवड़ा,राजरानी गुप्ता,आशा मूंदड़ा, मोनिका राजावत,लक्ष्मी शर्मा,सुशीला जी, सुनीता सहित संस्थान सदस्य साथ में भागवत परिवार से संजय घीया, अतिन राठी, संजय अग्रवाल ,शैलेंद्र कुमावत सहित भगवत परिवार ओर शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## 'आई स्टैंड विद अल्का लाम्बा' अभियान को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा

चमकता राजस्थान



फलोदी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा के समर्थन में चलाए जा रहे 'आई स्टैंड विद अल्का लाम्बा' अभियान को देशभर में व्यापक समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी में राजस्थान के फलोदी जिले से महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरू परिहार दिल्ली पहुंचीं और महिला कांग्रेस की ओर से आयोजित समर्थन कार्यक्रम में भाग लिया।

नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से महिला कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुईं। सभी ने एकजुट होकर अल्का लाम्बा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में जंतर-मंतर पर महिला आरक्षण बिल और महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर हुए लोकतांत्रिक प्रदर्शन के मामले में अल्का लाम्बा के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में यह अभियान चलाया जा रहा है। महिला कांग्रेस का कहना है कि यह महिलाओं की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसका पूरे देश में विरोध किया जा रहा है।

फलोदी महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरू परिहार ने कहा कि जंतर-मंतर पर आयोजित आंदोलन लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों के तहत किया गया था, जिसमें हजारों महिलाओं ने भाग लिया था। ऐसे में केवल अल्का लाम्बा को निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और न्याय की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी।

राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में प्रदेशभर से लगभग 80 महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान महिला नेताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों और महिला अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया।

## चौमूं पुलिस की बड़ी कार्रवाईः व्यापारी का अपहरण कर लूटने वाले 3 शातिर गिरफ्तार, फर्जी नंबर प्लेट का करते थे इस्तेमाल

चमकता राजस्थान

**संदीप कुमावत/ चौमू।** चौमूं थाना पुलिस ने जैतपुरा में व्यापारी के साथ हुई अपहरण और लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया के जरिए लोगों को झांसे में लेते थे और वारदात के दौरान गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर पुलिस को चकमा देते थे।पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि परिवादी सुनील टोडावता निवासी टोडावतों की ढाणी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 जून 2026 की रात को जब वह अपनी दुकान बढ़ाकर घर जा रहा था, तब एक युवक ने उसे कार में लिफ्ट दी। कुछ दूर जाने पर कार में सवार अन्य दो युवकों ने उसे बंधक बना लिया। आरोपियों ने व्यापारी के साथ मारपीट की और हाईवे पर ले जाकर उसके मोबाइल फोन का पासवर्ड जबरन पूछ लिया। इसके बाद आरोपियों ने व्यापारी के फोन-पे से करीब 56,796 रुपये अपने ऑनलाइन लूडो गेम की आईडी में ट्रांसफर कर उसे विड्रॉ कर लिया। वारदात के बाद आरोपी उसे घायल अवस्था में हाड़ौता पुलिया के पास छोड़कर फरार हो गए।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बेहद शातिर हैं। वे वारदात को अंजाम देते समय गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे और काम होने के बाद तुरंत हटाकर ओरिजिनल नंबर प्लेट लगा लेते थे, ताकि वे सीसीटीवी कैमरों में पकड़े न जाएं। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की और उन्हें भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली गई है।गिरफ्तार आरोपियों के नाम बनवारी यादव 26 निवासी खुड, सीकर,दिनेश कुमार यादव 25 निवासी बानूडा, सीकर,आकाश कुमावत 22 निवासी लोसल, सीकर।साथ ही पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बिना जानकारी के सम्पर्क न करें और न ही किसी के साथ यात्रा करें।

इस सराहनीय कार्य में थानाधिकारी चौमूं हरबेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में स.उ.नि. केशरदेव, हैड कानिस्टेबल दिने, कानिस्टेबल राजमहेंद्र, प्यारेलाल ,घनश्याम,महेश मुलचन्द और राकेश शामिल रहे। इस मामले में पुलिस अभी आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## प्योर इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से सपेरा बस्ती की गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिली सौगात



चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड। बाड़ी उपखंड क्षेत्र के गदरपुरा स्थित सपेरा बस्ती में शनिवार को गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम रिंकी मीना ने उपस्थित महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता तथा नवजात शिशुओं की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में महिलाओं को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु मच्छरदानियों का वितरण किया गया। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आवश्यक उपयोग की सामग्री युक्त किट भी वितरित की गई। स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी एवं सामग्री प्राप्त कर महिलाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजकों का आभार जताया। यह कार्यक्रम प्योर इंडिया ट्रस्ट जयपुर के अध्यक्ष प्रशांत पाल सिंह के सहयोग तथा युवा चेतना फाऊंडेशन धौलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। संस्था द्वारा घुमंतू एवं वंचित समुदायों की महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रामदास तरुण, नीरज मीणा, मनीष कुमार एवं रामनिवास सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। सभी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं जागरूकता पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने तथा जरूरतमंद परिवारों के सहयोग के लिए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

## डॉ. अलका सिंह को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ता ने किया स्वागत

**चमकता राजस्थान/दौसा।(दीपक शर्मा बामनवास)** राजस्थान में राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बांदीकुई की पूर्व विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका सिंह गुर्जर को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला के नेतृत्व में जयपुर स्थित उनके आवास पर पहुँच कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहाँ उनका स्वागत किया।



जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल ने बताया इस दौरान जिला मंत्री ममता सैनी,जिला आई टी सह प्रभारी रवि लक्ष्कार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रावणा राजपूत समाज महासंगठन, जयपुर

# जयपुर जिला अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, रूप सिंह गौड़ विजयी घोषित

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** रावणा राजपूत समाज महासंगठन के नेतृत्व में जयपुर जिला अध्यक्ष पद हेतु आज मतदान शांति नगर में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

संगठन के महासचिव विक्रम सिंह पंवार ने बताया कि जयपुर जिला अध्यक्ष पद का चुनाव निर्वाचन अधिकारी गोविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में अजीत विद्या निकेतन स्कूल, शांति नगर, हसनपुरा में संपन्न हुआ।

अध्यक्ष पद के लिए कुल 3 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से एक प्रत्याशी द्वारा नियत समय पर नाम वापस ले लिए जाने के कारण 2 प्रत्याशियों के मध्य मुकाबला हुआ।

### चुनाव परिणामः-

मतदान पश्चात हुई मतगणना में रूप सिंह गौड़ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सत्यनारायण सिंह पंवार को भारी मतों से पराजित कर विजय प्राप्त की। निर्वाचन अधिकारी द्वारा रूप सिंह गौड़ को जयपुर जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया।

### इस अवसर पर उपस्थित गणमान्यः-

संगठन के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजावत संरक्षक भंवर सिंह चिराना,उपाध्यक्ष ,भंवर सिंह शेखावत*, मोहन सिंह राजवी*, भवानी सिंह राजावत,बनवारी सिंह गौड़, कुलदीप सिंह पंवार?बंसी सिंह नरूका पूर्व सरपंच देवी सिंह कच्छावा जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नरूका श्रीमती कमलेश कंवर, श्रीमती सुनीता कंवर,श्री मानसिंह चौहान सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री रूप सिंह गौड़ को साफ़ा पहनाया व माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद में डॉ. बसंत गोयल ने लिया श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति और गौ माता को राष्ट्रीय मां घोषित कराने का संकल्प

## राजधानी में देश-विदेश से आए 300 से अधिक संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं सनातन धर्मावलंबी हुए एकत्रित

चमकता राजस्थान

**नई दिल्ली।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति एवं जनजागरण के उद्देश्य से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद में देश-विदेश से आए 300 से अधिक संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं सनातन धर्म के अनुयायियों ने एक स्वर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अधिकार और गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में गोयल मेडिकोस के सीईओ एवं संस्थापक डॉ. बसंत गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्रहित के लिए अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने तथा इसके प्रति व्यापक जनजागरण करने के उद्देश्य से





किया गया था। इस दौरान सभी उपस्थित संतों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि को उसके वास्तविक स्वरूप में पुनः स्थापित करने तथा सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आ''ान किया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम पूज्य फलाहारी महाराज दिनेश शर्माजी के पावन सान्निध्य, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद में सम्पन्न हुआ। उनके नेतृत्व में आयोजित इस धर्म संसद ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए जनजागरण अभियान को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. बसंत गोयल ने भावुक एवं ओजस्वी शब्दों में अपना संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि वर्षों से सनातन समाज अपनी इस पवित्र जन्मभूमि के अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है, अब समय आ गया है कि इस मांग को न्यायपूर्ण समाधान मिले। डॉ. गोयल ने सभा के समक्ष विशेष प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि यदि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का अधिकार सनातन समाज को नहीं मिलता और गौमाता को राष्ट्रीय माता का सम्मान प्राप्त नहीं होता, तो वे अपने जीवन को भी इस उद्देश्य के लिए समर्पित करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए केवल दो प्रमुख लक्ष्य हैं पहला, गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाना और दूसरा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि का अधिकार प्राप्त करना। डॉ. गोयल ने सभा के समक्ष विशेष प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि यदि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का अधिकार सनातन समाज को नहीं मिलता और गौमाता को राष्ट्रीय माता का सम्मान प्राप्त नहीं होता, तो वे अपने जीवन को भी इस उद्देश्य के लिए समर्पित करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सनातन परंपराओं और धार्मिक अधिकारों की रक्षा प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। वहीं, श्रीकृष्ण जन्मभूमि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और इसके सम्मान एवं अधिकार की रक्षा समाज का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संत-महात्माओं ने भी समाज को एकजुट होकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आने का आ''ान किया। वक्ताओं ने कहा कि जनजागरण के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाई जाएगी और शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीकों से अपनी बात देश के सामने रखी जाएगी। धर्म संसद में विभिन्न संतों और धर्माचार्यों ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह केवल एक भूमि का प्रश्न नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और सनातन सभ्यता के सम्मान का विषय है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों ने भी इस अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। विशेष रुप से डॉ. बसंत गोयल की प्रतिज्ञा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उनके संकल्प को कई संतों और धर्माचार्यों ने सराहा तथा इसे धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी निष्ठा का प्रतीक बताया।उपस्थित जनसमूह ने भी उनके संकल्प का समर्थन करते हुए जय श्रीकृष्ण और गौमाता के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी संतों, धर्माचार्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति एवं गौसंरक्षण के लिए जन-जन तक संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। अंतर्राष्ट्रीय धर्म संसद के इस आयोजन को सनातन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिसने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन और गौमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने की मांग को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छप्परपोश मकान लगी आग लाखों रुपये का नुकसान




**चमकता राजस्थान/राकिब खांन।** कामां क्षेत्र के बडकली गांव में विद्युत शॉर्ट सर्किट से एक गरीब पीड़ित परिवार के छप्पर पोश मकान में आग लगाई जहां करीब तीन लाख रुपए जल कर राख हो गए। ओर घर में बंधे तीन पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। कामां उपखंड क्षेत्र के गांव बडकली में विद्युत के शॉर्ट सर्किट के चलते एक छप्परपोश मकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि छुट्टन पुत्र कमर सिंह के मकान में अचानक लगी आग से घर में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। वहीं खेती के लिए गिरवी खेत छुड़ाने हेतु रखे करीब तीन लाख रुपये नकद भी आग में जल गए। इसके अलावा घर में बंधे तीन पशु भी आग की चपेट में आ गए, जिनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद संबंधित विभाग का कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और ग्रामीण प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस 2026 पर संगोष्ठी का आयोजन; छात्र एवं शिक्षक सम्मानित




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर पटना मैनेजमेंट एसोसिएशन, पीएमए, एआईएमए का चैप्टर ने बिहार राज्य उत्पादकता परिषद, एनपीसी भारत सरकार की इकाई के सहयोग से शनिवार को ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज, पटना में ''जलवायु के लिए प्रकृति से प्रेरित; हमारे भविष्य के लिए'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने जलवायु-सहनीय भविष्य के समाधानों पर विचार-विमर्श किया।

संगोष्ठी का स्वागत भाषण ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलेश नारायण ने दिया। मुख्य वक्ता के रूप में पीएमए के अध्यक्ष अधिवक्ता बसंत कुमार सिन्हा ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और उनके समाधान पर अपने विचार रखे। पीएमए के संरक्षक इंजी. डी. के. श्रीवास्तव तथा आईसीएआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

मैनेजमेंट कंसल्टेंट श्री आर. के. चंद्रा तथा सुधा डेयरी के श्री महेश्वर प्रसाद ने भी अपने विचार साझा किए। डॉ. ए. के. ने छात्रों के साथ संवाद सत्र का संचालन किया, जबकि पीएमए के सचिव इंजीनियर एम. के. दास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

- **प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान**

ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक इंजी. सुधांशु कुमार ने कार्यक्रम में सक्रिय योगदान के लिए छात्रों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# किसानों को दिन में बिजली, युवाओं को रोजगार और पशुपालकों को संबल; खारी का लांबा से मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

चमकता राजस्थान

महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/ मांडल भीलवाड़ा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान, पशुपालक और युवाओं के विकास को केंद्र में रखकर काम कर रही है। खारी का लांबा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम विकास चौपाल में मुख्यमंत्री ने किसानों को पानी और बिजली की बेहतर उपलब्धता के लिए सरकार द्वारा तैयार रोडमैप की जानकारी देते हुए आधुनिक एवं जैविक खेती अपनाकर आय बढ़ाने का आ''ान किया।



मुख्यमंत्री ने खारी का लांबा में नवीन कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय एवं कृषि पर्यवेक्षक पद सृजित करने की घोषणा की। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान, जीव विज्ञान और कृषि विज्ञान संकाय खोलने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक प्रदेश के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है और 26 जिलों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। किसानों को केंद्र की किसान सम्मान निधि के साथ राज्य सरकार की अतिरिक्त सहायता भी दी जा रही है। वहीं पशुपालकों को गोपाल क्रेडिट कार्ड, 5 रुपये प्रति लीटर दूध अनुदान तथा मोबाइल वेटरनरी यूनिट जैसी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### कृषि पर्यवेक्षक मुख्यालय खोलने की घोषणा, आधुनिक खेती अपनाकर आय बढ़ाने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई वर्ष में 1.25 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं, जबकि लाखों पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। पेपर लीक पर सख्ती और निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। चौपाल में किसानों, पशुपालकों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभों के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जिले के विधायक, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# शुद्ध पर्यावरण के लिए प्लास्टिक मुक्त करें जोधपुर

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता जोधपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस में केवल पौधे से ही नहीं होगा शुद्ध पर्यावरण सफाई पेड़ पौधे लगाना उनकी बराबर देखभाल जूट की या कैसे की थैलियों प्रयोग में लेना ध्वनि मध्यम रखना और खान पान का भी ध्यान रखना खुद की सेहत पर ताजी हवा ताजे फल और प्लास्टिक में भोजन भी नहीं मंगवाएं चाय भी नहीं ये भी बताया गया जगह जगह बंटवाई कपड़ों की थैलियों दुकानों में बंटवाई गई लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव की तरफ से अध्यक्ष लायन उषा गर्ग सचिव एडवोकेट संजीव व्यास कोषाध्यक्ष अमित पेड़ीवाल




गीता खेतानी, वीणा हरवानी नीतू विधानी मनीषा परिहार दुर्गेश नंदनी नीता जैन मंजुला अरोड़ा उपस्थित थी अतिथि समाजसेवी श्री एस एल शर्मा जी सी ए संजय भंडारी जी थे पर्यावरण को दूषित करने में मुख्य कारण चारों तरफ प्लास्टिक फेलना है

यह विशेष रूप से गायों के लिए खतरनाक है जो गाय प्लास्टिक खा लेती है उन्हें हर हाल में मौत से संघर्ष करना है

जो जानवर प्लास्टिक खाता हैं उनके दूध पीने से कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती है

इसमें आग लगने से वायुमंडल पूरी तरह से प्रदूषित हो जाता है तथा यह फेफड़ों के लिए हानिकारक है

समुद्र,तालाब,झीलों के अंदर जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है

यह प्रकृति के लिए हानिकारक है

इससे बचने के उपाय

जहां तक हो सके प्लास्टिक की थैलीयो की जगह कपड़े की या जूट की थैलियां का उपयोग करे

# संडे ऑन साईकिल के द्वारा दौसा जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित ने ईंधन के दूषित वातावरण को बचाने के लिए से पर्यावरण को यूं दिया संदेश



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा। दौसा।** आज दिनांक 07.06.2026 को दौसा जिला पुलिस अधीक्षक दौसा पीयूष दीक्षित क्ढर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा शंकर लाल मीणा फ्ढर एवं संचित निरीक्षक,रिजर्व पुलिस लाइन, दौसा के नेतृत्व में प्रातः 06:30 बजे से 07:30 बजे तक जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में संडे ऑन साईकिल अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

साईकिल अभियान से पूर्व जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर परिसर में पुलिस अधिकारियों,एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभागियों द्वारा योगाभ्यास किया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इसके उपरांत आयोजित साईकिल रैली के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य, व दूषित वातावरण व पर्यावरण संरक्षण, और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, युवाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिट एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया।

दौसा पुलिस द्वारा आयोजित इस जन-जागरूकता अभियान में जिलेभर के थाना क्षेत्रों में आमजन की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी का सहयोग प्राप्त हुआ।

साईकिल रैली,योगाभ्यास,सड़क सुरक्षा, को लेकर दौसा अधीक्षक पीयूष दीक्षित ने दिया फिट व सुरक्षित रहने का संदेश

» स्वास्थ्य के लिए साईकिल

» दूषित वातावरण को पर्यावरण से बचाने के लिए साईकिल

» सड़क सुरक्षा के लिए साईकिल

# रायसिंहनगर में चिट्टा का बढ़ता जाल, नाबालिग भी चपेट में, प्रशासन की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

चमकता राजस्थान

रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)। श्रीगंगानगर जिले का रायसिंहनगर क्षेत्र इन दिनों कथित रूप से नशे के बढ़ते कारोबार को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्र के कई लोगों का कहना है कि चिट्टा जैसे घातक नशे की गिरफ्त में युवा ही नहीं बल्कि कुछ नाबालिग युवक-युवतियां भी आ रहे हैं, जिससे अभिभावकों में गहरी चिंता व्याप्त है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शहर के कुछ इलाकों, विशेषकर नशे की बिक्री और सेवन की गतिविधियां खुलेआम होने की चर्चाएं आम हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाली पीढ़ी का भविष्य गंभीर संकट में पड़ सकता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि एक समय शिक्षा, व्यापार और सामाजिक सौहार्द के लिए पहचाने जाने वाला रायसिंहनगर आज नशे की समस्या के कारण बदनामी झेल रहा है। कई परिवारों का मानना है कि बढ़ते नशे के कारण सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है और अभिभावकों में अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है।

नागरिकों ने पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी, गश्त और जांच अभियान बढ़ाए जाएं ताकि युवाओं को नशे के दलदल से बचाया जा सके।

सामाजिक संगठनों का कहना है कि नशे के खिलाफ केवल पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता अभियान, अभिभावकों की भागीदारी और समाज के सहयोग की भी आवश्यकता है। लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज मिलकर प्रयास करें तो इस गंभीर समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास दिप्ती माहेश्वरी राजसमंद विधायक



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/ मांडल भीलवाड़ा।** राजसमन्द विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खड़बामनिया में विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करके क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जन सुविधाओं के विस्तार तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

लोकार्पण व शिलान्यास के विभिन्न विकास कार्यों में प्रमुख रूप से निम्न महत्वपूर्ण कार्य सम्मिलित है।

# भारतीय महिला टीम ने 4×100 मीटर रिले रेस में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** भारत की महिला 4×100 मीटर रिले टीम ने न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ-साथ नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर श्रेणी की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। श्राबनी नंदा, एस.एस. स्नेहा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना की चौकड़ी ने ताइवान के बानकियाओ स्टेडियम में शानदार 44.07 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम पर टॉप किया। इस दौरान, भारतीय टीम ने पिछला मीट रिकॉर्ड तोड़ दिया और वियतनाम पर 0.31 सेकेंड के आसान अंतर से जीत हासिल की। वियतनाम दूसरे स्थान पर रहा।




रिले में जीत के अलावा, भारत को फील्ड इवेंट्स में भी सफलता मिली जिसमें शैली सिंह ने महिलाओं की लंबी कूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शैली ने 6.24 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया और अपने प्रतियोगी से आगे रहीं। उन्होंने मीट में भारत को मेडल टैली में एक और गोल्ड जोड़ा।

**तेजस राष्ट्रमंडल खेलों के लिए नहीं कर पाए क्वालिफाई** – भारत के तेजस शिरसे ने भी ट्रैक पर प्रभावित किया और मेन्स 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। कड़े मुकाबले के बीच तेजस ने बेहतरीन दौड़ लगाई और दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने बाधा दौड़ स्पर्धा में अपनी लगातार प्रगति को भी जारी रखा। तेजस ने पहले नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीता था। उनका गोल्ड जीतने का टाइम 13.50 सेकेंड था। उन्होंने 13.61 सेकेंड के अपने ही मीट रिकॉर्ड में सुधार किया, लेकिन वह कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) के लिए क्वालिफाई करने से चूक गए, क्योंकि इसके लिए निर्धारित क्वालिफिकेशन समय 13.39 सेकेंड था।

# विश्व कप से पहले अर्जेंटीना टीम की मुश्किलें बढ़ी, मैत्री मैच में नहीं खेल सके चोटिल मेसी

**नई दिल्ली।** विश्व कप फुटबॉल शुरू होने में जब केवल तीन दिन का समय बचा है तब स्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी की फिटनेस अर्जेंटीना के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। मेसी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण होंडुरास के खिलाफ अर्जेंटीना के मैत्री मैच में नहीं खेले जिससे यह सुनिश्चित नहीं है कि वह विश्व कप में अपनी टीम के पहले मैच तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं।



तीन सप्ताह में 39 वर्ष के होने वाले मेसी ने मैच से पहले अपने साथियों के साथ अभ्यास किया, लेकिन अर्जेंटीना की 2-0 से जीत के दौरान वह बेंच पर ही बैठे रहे। टीम ने कहा है कि मेसी कब तक फिट हो पाएंगे यह उनकी शारीरिक और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगा। अर्जेंटीना विश्व कप से पहले अपना अंतिम अभ्यास मैच मंगलवार को ऑबर्न, अलबामा में आइसलैंड के खिलाफ खेलेगा।अर्जेंटीना 16 जून को एरोहेड स्टेडियम में अल्जीरिया के खिलाफ विश्व कप खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शुरुआत करेगा। माना जा रहा है कि मेसी विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगे। उनके नाम पर विश्व कप में सर्वाधिक 26 मैच खेलने का रिकॉर्ड है। उन्हें विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने के जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस के 16 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए केवल चार गोल की जरूरत है।

# भारत ने छठी बार जीता खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को हराया




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में भारत ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को 3-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार ट्रॉफी जीती। सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भारत ने एक बार फिर दक्षिण एशिया की चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। भारत की ओर से प्यारी जाक्सा (42वां मिनट), सैनफिदा नोंगरुम (46वां मिनट) और लिंडा कोम सेर्टो (82वां मिनट) ने गोल किए। वहीं, बांग्लादेश के लिए एकमात्र गोल रितु पोरना चकमा ने दागा।

### पहले हाफ में बराबरी पर पहुंचा बांग्लादेश

मैच की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए। कई मौकों के बाद 42वें मिनट में प्यारी ज़ाक्सा ने शानदार गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, पहले हाफ के अतिरिक्त समय में बांग्लादेश की रितु पोरना चकमा ने बेहतरीन गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। यह पूरे टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ हुआ पहला गोल था।

### दूसरे हाफ में भारत का दबदबा

दूसरे हाफ की शुरुआत होते ही भारत ने फिर बढ़त हासिल कर ली। 46वें मिनट में प्यारी जाक्सा के शानदार क्रॉस पर सैनफिदा नोंगरुम ने हेडर के जरिए गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।



### अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा सर्वोच्च स्कोर

# 2023 के बाद भारत ने घरेलू टेस्ट मैच में बनाए 550+ रन

**मुल्लांपुर।** भारतीय टीम ने कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के शतकों की मदद से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत ने मुल्लांपुर में खेले जा रहे इस मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। भारत के लिए इस मैच में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक जड़े। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली।

### अफगानिस्तान की पारी लड़खड़ाई 5 विकेट 113 रन

अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम पूरी तरह हावी हो गई है। उसने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। अफगानिस्तान ने 5 विकेट पर 113 रन बना लिए हैं। रहमत शाह और अफसर जजई क्रीज पर हैं।प्रसिद्ध कृष्णा ने हश्मतुल्लाह शाहिदी (20) और सेदीकुल्लाह अटल (17) को आउट किया। वहीं, मानव सुथार ने रहमानुल्लाह गुरबाज (12) को स्लिप में साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। इससे पहले उन्होंने अपने डेब्यू मैच के पहले ही ओवर में अब्दुल मलिक को कैच आउट कराया।

### घरेलू पिच पर किया दमदार प्रदर्शन

अफगानिस्तान के खिलाफ यह टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में भारत को मजबूत टीमों का सामना करना है। यही कारण है कि भारत के लिए यह मैच काफी अहम है। भारत पिछले कुछ समय से घरेलू मैदान पर भी टेस्ट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन इस मैच में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने 2023 के बाद पहली बार टेस्ट में घरेलू मैदान पर 550 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले टीम ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए मैच में 571 रन बनाए थे।

### अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी

इससे पहले, शुभमन गिल और ऋषभ पंत की जोड़ी ने टेस्ट के दूसरे दिन 169 रनों की साझेदारी निभाते हुए इतिहास रच दिया। पंत और गिल द्वारा की गई ये साझेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गई किसी भी विकेट के लिए हुई सबसे बड़ी साझेदारी है। टेस्ट के दूसरे दिन गिल और पंत ने मिलकर 48 रन और जोड़े। भारतीय कप्तान 177 गेंदों का सामना करने के बाद 126 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में गिल ने 15 चौके और एक छक्का लगाया। टेस्ट के पहले दिन भी भारतीय बल्लेबाजों का जलवा रहा। टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। यशस्वी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और वह 24 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद राहुल को साई सुदर्शन के रूप में बढ़िया जोड़ीदार मिला। राहुल–सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 184 गेंदों में 139 रनों की अहम साझेदारी निभाई। सुदर्शन ने 104 गेंदों का सामना करते हुए 81 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में सुदर्शन ने 13 चौके लगाए। वहीं, राहुल ने अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया और 165 गेंदों में 100 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाजी क्रम के आगे अफगानिस्तान के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए।

**सलीम सैफी ने किया प्रभावित**– अफगानिस्तान के लिए इस मैच में सबसे सफल गेंदबाज मोहम्मद सलीम सैफी रहे। सलीम ने इस मैच में 140 रन लुटाकर छह विकेट लिए। वह टेस्ट में फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज हैं। उनसे पहले जियाउर रहमान और निजात मसूद ऐसा कर चुके हैं।

# वेस्टइंडीज-श्रीलंका दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

### टॉस के बाद एक भी बॉल नहीं डली, सीरीज 1-1 की बराबरी पर आई

**किंग्स्टन (एजेंसी)।** श्रीलंका के वेस्टइंडीज दौरे का दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। किंग्स्टन के सबीना पार्क स्टेडियम में शनिवार रात को टॉस के बाद एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। काफी देर इंतजार के बाद अंपायर्स ने मैच रद्द कर दिया। बारिश के कारण टॉस निर्धारित समय से 30 मिनट देरी से हुआ था। वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था, लेकिन इसके बाद खेल नहीं हो सका।





**विंडीज के लिए तीसरा मैच करो या मरो जैसा** – पहला वनडे हार चुकी वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा था। मैच रद्द होने के साथ ही उसकी सीरीज जीतने की संभावना समाप्त हो गई।मेजबान टीम सोमवार को तीसरा और अंतिम वनडे जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर कर सकती है। वेस्टइंडीज के लिए आखिरी मैच वर्ल्ड कप क्वालिफिकेशन के लिहाज से भी अहम होगा। वनडे रैंकिंग में सुधार टीम की वर्ल्ड कप राह आसान कर सकता है।

**शाई होप को स्पेशल जर्सी दी गई** – इस बीच कप्तान शाई होप ने अपने करियर का 150वां वनडे खेलने की उपलब्धि हासिल की। उन्हें मैच से पहले विशेष जर्सी देकर सम्मानित किया गया, लेकिन बारिश के कारण उनका यह यादगार दिन मैदान पर अधूरा रह गया।

# फ्रेंच ओपन: 19 साल की मीरा आंद्रीवा बनीं चैंपियन

### 1992 के बाद हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

**पेरिस (एजेंसी)।** रुसी महिला खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा ने फ्रेंच ओपन 2026 का टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया है. उन्होंने सिर्फ 19 साल की उम्र में ही ये बड़ा टाइटल अपने नाम किया है. जिसके साथ वो 1992 के बाद पेरिस में सबसे कम उम्र की चैंपियन बनने का रिकॉर्ड बनाया। शनिवार को पेरिस के स्टेड रोलैंड-गैरॉस में खेले गए महिला सिंगल्स फाइनल में मीरा आंद्रीवा ने पोलैंड की माजा चवालिनस्का को 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस जीत के साथ, मीरा आंद्रीवा 1992 में मोनिका सेलेस के बाद पेरिस में सबसे कम उम्र की महिला सिंगल्स चैंपियन बन गई. यह जीत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आंद्रीवा की तेजी से बढ़ती सफलता में एक और अहम पड़ाव है। एक घंटे 22 मिनट में जीत पक्की करने के बाद, भावुक आंद्रीवा जश्न में कोर्ट पर गिर पड़ीं और फिर अपनी कोच कोंचिता मार्टिनेज को गले लगाया. पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 और 1994 की विंबलडन चैंपियन मार्टिनेज ने आंद्रीवा के खेल को निखारने में अहम भूमिका निभाई है। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान आंद्रीवा ने कहा, 'मैं बहुत छोटी उम्र से ही टीवी पर रोलैंड-गैरॉस देखती आ रही हूं. इस टूर्नामेंट को जीतना हमेशा से मेरा सपना रहा है, और सच कहूं तो मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि अभी मेरे हाथों में यह ट्रॉफी है।' रोलैंड-गैरॉस में इस युवा खिलाड़ी का सफर शानदार रहा है. वह पहली बार 2023 में क्वालिफीइंग राउंड से गुजरकर मेन ड्रॉ में पहुंची थीं और सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय करके अपनी पहचान बनाई थी. दो साल बाद, वह इस मशहूर क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में लौटीं और आखिरकार प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया।






**दूसरी सबसे कम उम्र की चैंपियन** - इस जीत के साथ एंड्रीवा 2020 में इगा स्वियातेक के बाद फ्रेंच ओपन महिला एकल जीतने वाली टीनएज खिलाड़ी बन गईं। वह 1992 में मोनिका सेलेस के बाद फ्रेंच ओपन में सबसे कम उम्र की महिला चैंपियन भी हैं।

**च्वालिंस्का लगातार 9 मैच जीतकर फाइनल पहुंची थीं** - फाइनल में हार के बावजूद च्वालिंस्का का अभियान यादगार रहा। वर्ल्ड रैंकिंग में 114वें स्थान पर मौजूद पोलिश खिलाड़ी क्वालिफायर के रूप में टूर्नामेंट में उतरी थीं और लगातार नौ जीत दर्ज कर फाइनल तक पहुंची थीं। उन्होंने वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका को भी हराकर बाहर किया था।

# वैभव सूर्यवंशी बोले- मैं वर्ल्ड क्रिकेट को डोमिनेट करूंगा



### ● मुझे रेड बॉल खेलना पसंद, कोहली का कंधे पर हाथ रखना सपने जैसा था

**पटना (एजेंसी)।** वैभव सूर्यवंशी के भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने सोशल मीडिया पर उनका एक इंटरव्यू शेयर किया है। इसमें वैभव ने कहा कि मुझे सिर्फ अच्छा नहीं खेलना है, बल्कि अगले 10-20 साल तक डोमिनेट करना है। वैभव ने कहा कि मेरा सपना क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में खेलना है। राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर के साथ इंटरव्यू में उन्होंने आईपीएल 2026 के फाइनल का भी जिक्र किया और कहा, जब विराट कोहली ने मेरे कंधे पर हाथ रखा तो मुझे ये किसी सपने की तरह लगा। 15 साल वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स टीम के लिए चुना गया है। राजस्थान रॉयल्स की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो में रोमी भिंडर ने वैभव सूर्यवंशी से पूछा- आईपीएल 2026 की जर्नी को किस तरह देखते हैं? इस पर वैभव ने कहा, आईपीएल का टूर्नामेंट दो से ढाई महीने तक चलता है। इसमें मेंटली और फिजिकली मजबूत रहना पड़ता है। हर मैच के बाद हम टीम में बैठकर चर्चा करते थे कि क्या कमी रह गई। कौन-सी गलती हुई और उसे दोबारा कैसे नहीं दोहराना है। इससे काफी फायदा हुआ, क्योंकि आपस में बातचीत करने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

**ऑरेंज कैप छूने का शौक था, आज पहन रहा हूं** – रोमी भिंडर ने एक पुराना किस्सा याद दिलाते हुए कहा- वैभव जब पहली बार आपको ऑरेंज कैप मिली थी, तब आप हनुमान मंदिर गए थे और कहा था कि ऑरेंज कैप के बारे में नहीं सोचेंगे, वरना नजर लग जाएगी।

इस पर वैभव ने मुस्कुराते हुए कहा, जब मैं आईपीएल में किसी खिलाड़ी के सिर पर ऑरेंज कैप देखता था, तो सोचता था कि एक बार इसे छूकर देखूं। आज खुद इसे पहन रहा हूं, तो बहुत अच्छा लग रहा है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान मैंने इसके बारे में नहीं सोचा, क्योंकि मुझे लगता है कि ज्यादा सोचने से नजर लग जाती है।

**फाइनल खेलता तो और ज्यादा अच्छा लगता** – क्या आप आईपीएल 2026 के अपने परफॉर्मेंस से संतुष्ट हैं? के जवाब पर वैभव ने कहा, अगर आखिरी मैच में हम जल्दी विकेट नहीं गंवाते, तो शायद आईपीएल 2026 का फाइनल देख नहीं रहे होते, बल्कि खेलते। अगर टीम ट्रॉफी जीतती और उसके बाद मुझे ये अवॉर्ड्स मिलते, तो ज्यादा खुशी होती। उन्होंने आगे कहा, लोग पूछते हैं कि दूसरी ट्रॉफी कब आएगी। मुझे उम्मीद है कि सिर्फ दूसरी ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि आने वाले सालों में तीसरी, चौथी और पांचवीं ट्रॉफी भी जीतेंगे।

# दिल्ली में कूड़े को लेकर नया नियम, अब घर से ही 4 श्रेणियों में अलग करना होगा कचरा; उल्लंघन करने पर कसेगा शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में कचरा निस्तारण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नई दिल्ली जिला प्रशासन ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सालिड वेस्ट मैनेजमेंट) के नियमों को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है।

अब घरों, स्कूलों, कालेजों, सरकारी दफ्तरों और बड़े संस्थानों को कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना होगा। नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

जिला प्रशासन का कहना है कि अगर कचरे को शुरुआत में ही सही तरीके से अलग कर दिया जाए तो उसके निस्तारण में आसानी होगी और लैंडफिल साइट पर दबाव भी कम होगा।

नए नियम में गीले और सूखे कचरे के साथ सैनटरी कूड़ा और खतरनाक कूड़ा को भी अलग करना होता है। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के प्रभावी पालन को




लेकर पिछले दिनों जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी।

निर्देशों का पालन करना भी जरूरी इसमें अधिकारियों को बताया गया कि ये नियम एक अप्रैल 2026 से पूरे देश में लागू हैं। साथ ही फरवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना भी जरूरी है। नियमों की निगरानी और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए जिला प्रशासन ने एक विशेष सेल का गठन किया है।

**जैविक कचरे से खाद बनाने के लिए किया जाएगा जागरूक:** बैठक में एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके तहत लोगों को घरों में कचरा अलग रखने, जैविक कचरे से खाद बनाने, सैनिटरी कचरे का सुरक्षित निस्तारण करने और कचरे की मात्रा कम करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

स्कूलों-कालेजों को भी विद्यार्थियों के बीच पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग), स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने होंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरों और संस्थानों में कचरे को चार श्रेणियों-गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष देखभाल वाले कचरे में अलग करना अनिवार्य होगा। नियमों के पालन की जांच के लिए एसडीएम स्तर पर नियमित निरीक्षण और समय-समय पर आडिट किए जाएंगे। सभी शहरी निकायों, कचरा प्रसंस्करण इकाइयों और ऐसे स्थान जहां बहुत अधिक कचरा उत्पन्न होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में लगी भीषण आग, छुट्टी की वजह से टला बड़ा हादसा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा कोर्ट के स्कैनिंग रूम में रविवार तड़के भीषण आग लग गई। छुट्टी का दिन होने की वजह कोर्ट में सिर्फ पुलिसकर्मी ही मौजूद थे। उन्होंने मामले की सूचना दमकलकर्मियों को दी। दमकल की आठ गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्कैनिंग रूम में रखे लैपटॉप व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही इस रूम के बराबर में कोर्ट का रिकॉर्ड रूम था जो आग लगने से बच गया। दमकल को रविवार सुबह 5 :22 पर आग लगने की सूचना मिली थी। आग कोर्ट के दूसरी मंजिल पर बने स्कैनिंग रूम में लगी थी। शाहदरा बार एसोसिएशन के सचिव नरवीर डबास ने कहा कि स्कैनिंग रूम में कोर्ट के रिकॉर्ड को डिजिटल किया जाता है। रविवार को छुट्टी थी। आम दिनों में कोर्ट में बहुत भीड़ होती है। एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है।

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण रोकने के लिए सीएक्यूएम की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सहित एनसीआर के अन्य शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या दूर करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) निरंतर निगरानी कर रहा है। अलग-अलग स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी कई स्थानों पर कचरा निस्तारण में लापरवाही, डीजल जनरेटर और औद्योगिक इकाइयों से प्रदूषण फैल रहा है। 11 मई से 29 मई तक सीएक्यूएम के फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा किए गए निरीक्षण में इस तरह के 87 मामले मिले हैं। सीएक्यूएम के प्रवर्तन कार्य बल (ईटीएफ) की बैठक में बताया गया कि फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा एनसीआर में कुल 245 निरीक्षण किए गए। इनमें निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) स्थलों पर 31 निरीक्षण, औद्योगिक क्षेत्र में 74 निरीक्षण और डीजल जनरेटर (डीजी) सेट से संबंधित 140 निरीक्षण शामिल थे। इन क्षेत्रों में कुल 87 उल्लंघन दर्ज किए गए, जिनमें सीएंडडी स्थलों से 21, औद्योगिक क्षेत्र से 25 और डीजी सेट से संबंधित 41 उल्लंघन शामिल थे। नियमों का उल्लंघन करने वाली 11 इकाइयों/परियोजनाओं को बंद करने, 33 डीजी सेटों को सील करने और 13 मामलों में पर्यावरण क्षतिपूर्ति (ईसी) लगाने का प्रस्ताव किया गया। औद्योगिक क्षेत्र और सीएंडडी से संबंधित सभी मामलों में कार्रवाई की गई। कार्य बल ने 18 मई को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) क्षेत्र में नौ स्थानों पर सड़कों के निरीक्षण में 37 उल्लंघन मिले थे।

### सीइबीएसई ने 12वीं के स्टूडेंट्स को दिया अंतिम मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की उत्तर-पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने की समय-सीमा 7 जून रात 12 को समाप्त हो जाएगी। बोर्ड के अनुसार, अब तक 70 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सत्यापन (वेरिफिकेशन) और पुनर्मूल्यांकन (री-इवैल्यूएशन) के लिए आवेदन हैं। सीबीएसई ने बताया कि जिन छात्रों ने अपनी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त कर ली है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन भी अंकों के सत्यापन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार का ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# 1 करोड़ से ज्यादा के लैप्रोस्कोपिक सिस्टम से लैस हुआ स्वामी दयानंद अस्पताल, मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के यमुनापार के स्वामी दयानंद अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने अस्पताल में नवनिर्मित उन्नत आपरेशन थिएटर (ओटी) ब्लाक का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दो अत्याधुनिक 4क्य लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सिस्टम और आर्थोपेडिक व ट्रॉमा सर्जरी के लिए आवश्यक सी-आर्म (इमेज इंटेंसिफायर) मशीन का भी लोकार्पण किया गया।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, करीब 1.70 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित दो 4क्य लैप्रोस्कोपिक सिस्टम और 35 लाख रुपये की लागत वाली सी-आर्म मशीन से मरीजों को अधिक गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सकेगा। इन उपकरणों की मदद से जटिल सर्जरी को अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा, जिससे अस्पताल की सर्जिकल सेवाओं की क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम का लक्ष्य नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। निगम के अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित करने का कार्य लगातार जारी है, ताकि लोगों को बेहतर उपचार के लिए अन्य संस्थानों पर निर्भर न रहना पड़े।

**गुणवत्ता और अस्पताल की कार्यक्षमता में होगा सुधार :** स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीक का समावेश समय की आवश्यकता है। इससे उपचार की गुणवत्ता और अस्पताल की कार्यक्षमता दोनों में सुधार होगा। नेता सदन जय भगवान यादव ने कहा कि नई




सुविधाओं से पूर्वी दिल्ली के लाखों नागरिकों को लाभ मिलेगा और उन्हें उच्चस्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम में निगम आयुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त पंकज नरेश अग्रवाल, शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष पुनीत शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद वीर सिंह पंवार, उपायुक्त ममता यादव, निदेशक अस्पताल प्रशासन डा. अनुज निरंजन माथुर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान स्वच्छ एवं हरित वातावरण को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताते हुए पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया गया।

## दिल्ली सरकार के दावों की पोल खोल रही ओल्ड पालम रोड, गड्ढो में तब्दील हुई सड़क; लाखों लोग रोज झेलते हैं खतरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली में द्वारका को नजफगढ़ से जोड़ने वाला बेहद महत्वपूर्ण ओल्ड पालम रोड इन दिनों अपनी बदहाली की स्थिति में है। लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण इस पूरी सड़क पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे में बदल चुकी हैं। दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहन चालक इस उबड़-खाबड़ और टूटी सड़क पर अपनी जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर हैं। मौसम चाहे भीषण गर्मी का हो या बरसात का, इस मार्ग पर सफर करना किसी बुरे सपने जैसा हो गया है। यह मार्ग दिल्ली सरकार द्वारा सड़क के हर गड्ढे को भरने और मरम्मत कर दिए जाने के दावों की पोल खोल रही है। वर्तमान में गर्मी के मौसम के कारण इन गड्ढों में भारी मात्रा में मिट्टी जमा हो गई है। जब भी यहां से गाड़ियां गुजरती हैं, तो उड़ने वाली धूल हवा में फैलकर चालकों के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर देती है। यह धूल सीधे वाहन चालकों की आंखों में जाती है, जिससे न सिर्फ आंखों में जलन और परेशानी बढ़ती है, बल्कि सामने देखना भी मुश्किल हो जाता है। इस धूल और गहरे गड्ढों से बचने के चक्कर में वाहन चालक अक्सर अचानक अपनी लेन बदलकर बाएं से दाईं ओर चले जाते हैं। ऐसे में सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहनों से सीधी टक्कर होने की संभावना हर पल बनी रहती है। वहीं, बारिश होने पर तो स्थिति पूरी तरह भयावह हो जाती है। पानी भर जाने के कारण सड़क के ये गड्ढे छिप जाते हैं। कई स्थानों पर तो यह गड्ढे एक फीट तक गहरे हैं, जिसकी वजह से स्कूटी और बाइक जैसे छोटे वाहनों के चालक अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ा और जानलेवा हादसा हो सकता है। यह मार्ग केवल दो क्षेत्रों को ही नहीं जोड़ता, बल्कि दिल्ली के एक बहुत बड़े रिहायशी और व्यापारिक हिस्से की लाइफलाइन है। ओल्ड पालम रोड के दोनों ओर द्वारका उपनगरी के विभिन्न सेक्टर्स जैसे सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-6 और ककरोला जैसे घने इलाके बसे हैं। यह मुख्य सड़क नजफगढ़, पालम गांव, डाबरी, उत्तम नगर और द्वारका मोड़ जैसे प्रमुख क्षेत्रों को आपस में जोड़ती है। रोजाना लाखों की संख्या में कामकाजी लोग, स्कूली बच्चे, व्यापारी और आपातकालीन वाहन (एम्बुलेंस) इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस सड़क की सुध नहीं ली गई, तो ओल्ड पालम रोड पर लापरवाही की वजह से किसी निर्दोष की जान जा सकती है। स्थानीय निवासियों ने पुरजोर मांग की है कि प्रशासन इस मार्ग की तुरंत मरम्मत कराए। सड़क के गड्ढों से उड़ने वाली धूल आंखों में जाती है। गाड़ी चलाना दूभर है, प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## किरकरी के बाद टूटी दिल्ली एमसीडी की नींद, तबादले के आदेश रद्द; मृत इंजीनियरों का कर दिया था ट्रांसफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एमसीडी द्वारा अपने मृत और निलंबित चल रहे इंजीनियरों के तबादले पर एमसीडी की नींद टूट गई है। एमसीडी ने शुक्रवार को हुए सभी तबादले के आदेश रद कर दिए हैं। जहां पहले एमसीडी ने संशोधित आदेश निकालकर अपनी गलती सुधारने की कोशिश की थी लेकिन, उसमें दो मृत इंजीनियरों में से एक ही इंजीनियर का नाम हटाया था। वहीं, निलंबित चल रहे इंजीनियर का नाम नहीं हटाया था। मामला बिगड़ता देख एमसीडी ने अब आदेश पूरी तरह ही रद कर दिए हैं। यानी जिस सूची में 12 इंजीनियरों के तबादले हुए थे, वह सूची ही रद हो गई है। इससे कई इंजीनियरों का फायदा हो गया, क्योंकि कुछ लोगों का जोन बदला गया था तो कुछ लोगों को बिल्डिंग विभाग से हटाकर मेंटेनेस में लगाया गया था। इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किए गए तबादले में दो मृत इंजीनियर प्रतीक और अपूर्व भटनागर और एक निलंबित चल रहे गौरव गर्ग का मुद्दा उठाया था। मामले में हुई किरकिरी के बाद अब निगम ने तबादले के आदेश रद कर अपनी गलती को सुधारने की कोशिश की है। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने विभागीय गलती पर अधिकारियों पर सवाल उठाए हैं। नारंग ने कहा कि कई माह पहले जिन इंजीनियरों का निधन हो गया था और एक का निलंबन हो चुका है उसका ट्रांसफर करना हैरान करने वाला है। उन्होंने इस ट्रांसफर आदेश की तत्काल जांच की मांग उठाते हुए कहा कि यह पता लगाया जाना चाहिए कि मृतक कर्मचारियों का नाम सूची में किस अधिकारी ने शामिल किया। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए डिजिटल सत्यापन प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या भाजपा शासित एमसीडी बिना किसी सत्यापन के फाइलें चला रही है और अतिरिक्त आयुक्त भी हस्ताक्षर कर लदे रहे हैं क्या उन्हें भी अपने विभाग के कर्मचारियों की स्थिति की जानकारी नहीं है। जब मृत, निलंबित और सेवा में न रहने वाले कर्मचारियों के तबादले किए जा रहे हों, तब समझा जा सकता है कि भाजपा के राज में प्रशासनिक व्यवस्था किस स्तर पर पहुंच चुकी है।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने पूर्व एनएसए को बताया बुरा और भ्रष्ट इंसान, बोले- बेईमानी की कीमत चुका रहे जॉन बोल्टन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन पर तीखा हमला किया है। ट्रंप ने बोल्टन को एक बुरा और भ्रष्ट आदमी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बोल्टन अपनी बेईमानी की सजा भुगत रहे हैं। शनिवार को चिप्पेवा फॉल्स की यात्रा के दौरान एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने बोल्टन की जमकर आलोचना की।

ट्रंप ने कहा कि जॉन बोल्टन एक बेईमान इंसान हैं और वह बिल्कुल भी समझदार नहीं हैं। ट्रंप के मुताबिक, बोल्टन को युद्ध करने का बहुत शौक था। वह हर उस व्यक्ति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते थे जो उनके सामने बोलता था। उन्होंने यह भी कहा कि वह कभी बोल्टन के प्रशंसक नहीं रहे और उन्हें केवल एक खास उद्देश्य के लिए काम पर रखा था।

ट्रप ने दावा किया कि बोल्टन ने पूर्व राष्ट्रपति बुश के समय भी बहुत सी समस्याएं खड़ी की थीं। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि बोल्टन की युद्ध वाली सलाहों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता था क्योंकि वह कभी उनकी बात नहीं सुनते थे। ट्रंप ने बोल्टन की किताब का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने सारी जानकारी ली और उसका गलत इस्तेमाल किया। ट्रंप ने कहा कि बोल्टन को पकड़ लिया गया है और अब वह अपनी बेईमानी की कीमत चुका रहे हैं। इस बीच, जॉन बोल्टन पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि बोल्टन गोपनीय दस्तावेजों को गलत तरीके से रखने के मामले में अपना दोष स्वीकार कर सकते हैं। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े बेहद संवेदनशील दस्तावेजों को अवैध रूप से अपने पास रखने का एक गंभीर आरोप है। इस मामले में बोल्टन 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का जुर्माना देने पर सहमत हुए हैं। मैरीलैंड के सरकारी वकीलों ने बोल्टन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान की डायरी के पन्ने अपने घर में छिपाकर रखे थे। अगर वह दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें 0 से लेकर 60 महीने तक की जेल हो सकती है।

# अब जब्त ईरानी फंड से युद्ध का हिसाब चुकाने की तैयारी में अमेरिका, ट्रंप ने बनाया बड़ा प्लान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग अब उन ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल करने की तैयारी कर रहा है, जिन्हें प्रतिबंधों के तहत जब्त किया गया था। इन पैसों से खाड़ी देशों में युद्ध और हमलों से हुए नुकसान की भरपाई करने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन चाहता है कि ईरान अपने हमलों से हुए नुकसान की आर्थिक कीमत भी चुकाए। इस बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से लेकर लेबनान तक हालात लगातार विस्फोटक बने हुए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की योजना है कि जब्त ईरानी संपत्तियों का इस्तेमाल खाड़ी देशों के पुनर्निर्माण में किया जाए। इसमें सऊदी अरब, कतर, बहरीन, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं, जिन्हें हाल के महीनों में ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाड़ी देशों से यह आकलन लिया जाए कि युद्ध में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए कितनी रकम की जरूरत होगी। इसके बाद यह देखा जाएगा कि जब्त ईरानी संपत्तियों को कानूनी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। अमेरिका अभी यह तय नहीं कर पाया है कि किन संपत्तियों का उपयोग किया जाएगा। इसमें विदेशी बैंकों में जमा ईरानी फंड, तेल टैंकर और अन्य संपत्तियां शामिल हो सकती हैं। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि ईरान को क्षेत्रीय हिंसा और अस्थिरता की कीमत चुकानी चाहिए। दूसरी तरफ ईरान लगातार कह रहा है कि किसी भी समझौते से पहले उसके अरबों डॉलर के फंड को जारी किया जाए और प्रतिबंध हटाए जाएं। बताया जा रहा है कि ईरान करीब 24 अरब डॉलर की जमी हुई संपत्तियों को छुड़ाने की मांग कर रहा है। तनाव उस



समय और बढ़ गया जब अमेरिकी सेना ने शनिवार तड़के ईरान के गोरोख और क़ेश्म द्वीप स्थित रडार ठिकानों पर हमला किया। अमेरिकी सेना का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों के लिए खतरा बने ईरानी ड्रोन को रोकने के लिए की गई। इसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल दाग दीं। कुवैत के अनुसार सात बैलिस्टिक मिसाइल आबादी वाले इलाकों के ऊपर से गुजरीं, जिससे कुछ इमारतों को नुकसान हुआ। हालांकि किसी की मौत नहीं हुई। बहरीन में भी सायरन बजाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की कोशिशें जारी हैं, लेकिन जमीन पर हालात सुधरते नहीं दिख रहे।

## ट्रंप की टेक टीम को बड़ा झटका, व्हाइट हाउस के सलाहकार श्रीराम कृष्णन देंगे इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के मुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के ीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद ोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के ार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने ुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की ानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वह मेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े ुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके स्तीफे को ट्रंप प्रशासन की टेक नीति के ाए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है।

श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट ाउस में काम करना उनके जीवन का ाबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि ह जून के आखिर में अपना पद छोड़ गे और कुछ समय के ब्रेक के बाद मेरिका और उसके सहयोगी देशों के



लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय समझौतों पर काम किया। उन्होंने फ्रांस, भारत, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में आयोजित एआई बैठकों का भी जिक्र किया।

श्रीराम कृष्णन ट्रंप प्रशासन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अमेरिका में एआई सेक्टर के विस्तार के लिए रोडमैप तैयार किया। उन्होंने डेटा सेंटर बढ़ाने, एआई निवेश को आसान बनाने और नियमों में ढील देने जैसी नीतियों पर काम किया। माना जाता है कि उन्होंने राज्यों के एआई रेगुलेशन अधिकार सीमित करने वाले प्रस्तावित आदेश को तैयार करने में भी भूमिका निभाई थी। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता कुश देसाई ने कहा कि श्रीराम कृष्णन ने अपने निजी करियर को छोड़कर अमेरिका की तकनीकी ताकत को मजबूत करने के लिए बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में वैश्विक नेतृत्व दिलाने में कृष्णन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार एआई सेक्टर को अमेरिका की रणनीतिक ताकत बता रहे हैं। चीन के साथ बढ़ती तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच अमेरिका एआई, डेटा सेंटर, चिप निर्माण और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से निवेश कर रहा है। श्रीराम कृष्णन इसी रणनीति के प्रमुख चेहरों में शामिल थे। कृष्णन ने अपने बयान में कहा कि आने वाले समय में ऊर्जा, डेटा सेंटर और आम लोगों तक एआई के फायदे पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को मिलकर काम करना होगा। यही वजह है कि अब वह नए संस्थानों के जरिए इस दिशा में योगदान देना चाहते हैं।

श्रीराम कृष्णन ने साफ किया कि वह सार्वजनिक जीवन से दूर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर काम जारी रखेंगे। हालांकि उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट या संस्था का खुलासा नहीं किया। टेक जगत में माना जा रहा है कि वह ढ्ढ नीति, निवेश और वैश्विक टेक सहयोग से जुड़े किसी बड़े प्लेटफॉर्म की शुरुआत कर सकते हैं। उन्होंने अपने सहयोगियों, ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ नेताओं और अपनी पत्नी का भी धन्यवाद किया। कृष्णन ने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें यह सिखाया कि अमेरिका को मजबूत बनाने में हर व्यक्ति की भूमिका जरूरी है और वह आगे भी इसी दिशा में काम करते रहेंगे।

## भारत में घटती जन्म दर पर एलन मस्क ने जताई चिंता, रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे पहुंचा आंकड़ा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारत की घटती जन्म दर को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि भारत की जन्म दर अब रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे पहुंच चुकी है, जो लंबे समय में जनसंख्या संरचना पर बड़ा प्रभाव डाल सकती है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट को साझा करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की जन्म दर कई साल पहले ही शिक्षित वर्ग में रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे आ चुकी है। मस्क ने जिस डेटा का हवाला दिया, उसमें कहा गया है कि भारत की कुल प्रजनन दर घटकर लगभग 1.9 पर आ गई है, जबकि रिप्लेसमेंट लेवल 2.1 माना जाता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश की राजधानी दिल्ली में फर्टिलिटी रेट घटकर करीब 1.2 तक पहुंच गई है, जो कई विकसित देशों से भी कम मानी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, जीवनशैली और आर्थिक कारणों से परिवार का आकार लगातार छोटा हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2025 में भी बताया गया है कि भारत की फर्टिलिटी रेट 2.1 से नीचे गिरकर 1.9 पर आ चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अब दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन चुका है।

## गुड़ामालानी नगरपालिका में सीसी सड़क निर्माण में 'बड़ा घोटाला':

# नियमों को ताक पर रख रातों-रात बिछाई जा रही घटिया सड़कें, भ्रष्टाचार के आरोप


चमकता राजस्थान

**रामेश्वर खिलेरी (ब्यूरो) बालोतरा।** जिला बालोतरा के अंतर्गत आने वाली नवगठित गुड़ामालानी नगरपालिका इन दिनों विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में है। नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में बनाई जा रही सीसी सड़कों में ठेकेदार और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (एड) की कथित मिलीभगत से करोड़ों रुपए के बजट के बंदरबांट का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिना किसी तकनीकी मापदंड और सरकारी गाइडलाइंस के, मनमाने तरीके से निर्माण कार्य कर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है।

● **धरातल पर सामने आईं मुख्य कमियां**

बिना बेस तैयार किए रातों-रात निर्माण (कागजों में खुदाई और रोलर)
नियमों के मुताबिक, नई सीसी सड़क बनाने से पहले पुराने मलबे को हटाकर 8 से 10 इंच खुदाई करनी होती है। इसके बाद 4 से 6 इंच मुरम बिछाकर पानी के साथ रोलर चलाकर बेस को ठोस (कंपैक्शन) किया जाता है। लेकिन गुड़ामालानी में न तो पुरानी सीसी सड़क को तोड़ा गया और न ही कोई खुदाई की गई। बिना मुरम बिछाए और बिना रोलर चलाए, कचरे और पुराने मलबे के ऊपर ही सीधे कंक्रीट डाल दी गई।

कई गलियों में कार्रवाई से बचने के लिए रातों-रात आनन-फानन में सड़क निर्माण कार्य निपटाया जा रहा है। तकनीकी मापदंड गायबः न पॉलीथिन शीट, न 'एक्सपेंशन जॉइंट्स'सीमेंट का पानी रोकने का नियम टूटाः कंक्रीट डालने से पहले 125 माइक्रोन की पॉलीथिन शीट बिछाना अनिवार्य है, ताकि जमीन सीमेंट का पानी न सोखे और सड़क मजबूत बने।ठेकेदार द्वारा इस नियम को पूरी तरह अनदेखा किया गया।दरारों का खतरा सीमेंट गर्मी में फैलता है और ठंड में सिकुड़ता है। इसके लिए हर 4 से 5 मीटर पर जॉइंट्स कट देकर उसमें सीलेंट भरना जरूरी होता है। वर्तमान निर्माण में कहीं भी ये कट नहीं दिए गए हैं, जिससे पहली ही गर्मी में सड़क के बीच से टूटने का खतरा पैदा हो गया है।टेक्सचर और ग्रिप गायबः कंक्रीट बिछाने के बाद वाहनों की ग्रिप के लिए हल्का झाड़ू मारकर रफ टेक्सचर दिया जाता है, जिसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है,




● **घटिया सामग्री का खेलः सीमेंट-कंक्रीट ग्रेड से समझौता**

भारी वाहनों की आवाजाही वाले रास्तों पर ट-30 ग्रेड और सामान्य रास्तों पर ट-20 या ट-25 ग्रेड की कंक्रीट का उपयोग होना चाहिए। यहाँ किसी भी तय ग्रेड का पालन नहीं हो रहा है। मजबूत पकड़ के लिए 43 या 53 ग्रेड की ढढउ सीमेंट, साफ रेत और 20mm व 10mm की गिट्टी का निश्चित अनुपात में मिश्रण जरूरी है। लेकिन मौके पर घटिया क्वालिटी की सीमेंट, बिना छनी कचरे वाली रेत (बजरी) का अत्यधिक उपयोग और गिट्टी के सही साइज का अभाव साफ देखा जा सकता है। पानी की एक बूंद नहींः 'तराई' के नियम हवा में उड़े नियमानुसार बेस (PCC) बनाने के बाद 6 से 7 दिन और मुख्य सीसी सड़क बनने के बाद क्यारियां बनाकर या बोरियां बिछाकर कम से कम 14 दिनों तक तराई करना अनिवार्य है। इस दौरान वाहनों का प्रवेश वर्जित होता है। गुड़ामालानी में स्थिति यह है कि रात में सड़क बनती है और सुबह उस पर भारी वाहन दौड़ने लगते हैं। निर्माण के बाद सड़क को पानी तक नहीं दिखाया जा रहा है।जलभराव और अतिक्रमण की समस्या को बढ़ावा सड़क निर्माण में न तो ढलान का ध्यान रखा गया है और कहि जगह न दोनों तरफ पक्की नाली या कच्ची पटरी बनाई जा रही है। इसके कारणः आगामी मानसून में बरसात का पानी सड़कों पर ही जमा रहेगा, जिससे करोड़ों की लागत से बनी सड़कें चंद महीनों में टूटकर बिखर जाएंगी।गलियों में बिना मापदंड के निर्माण हो रहा है और सड़क सीमा में आने वाले अवैध अतिक्रमणों को हटाए बिना ही ठेकेदार अपनी मर्जी से कम चौड़ा सड़कें बना रहा है ताकि पैसे डकार सके।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर क़ाज़ी मोहम्मद मेराज उस्मानी हज मुकम्मल कर कल लौटेंगे नागौर, इस्तक़बाल की तैयारियाँ पूरी

**चमकता राजस्थान/मोहम्मद रफीक नागौर।** शहर क़ाज़ी मोहम्मद मेराज उस्मानी अपना मुक़द्दस हज का सफ़र मुकम्मल कर रविवार, 7 जून 2026 को जेद्दा से जयपुर के लिए रवाना होंगे और अगले दिन 8 जून को नागौर पहुँचेंगे। उनके वतन वापसी की ख़बर से अक़ीदतमंदों और स्थानीय लोगों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है और उनके स्वागत की तैयारियाँ मुकम्मल कर ली गई हैं।



नायब शहर क़ाज़ी मोहम्मद सादिक़ उस्मानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर क़ाज़ी मोहम्मद मेराज उस्मानी ने बेहद खुशनुमा माहौल और बेहतरीन सहूलियतों के साथ हज के तमाम अरकान अंजाम दिए हैं और उन्हें पूरे सफ़र के दौरान किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि शहर क़ाज़ी ने सबसे पहले मदीना शरीफ़ में रोज़ा-ए-रसूल पर हाज़िरी दी, जहाँ उन्होंने 8 दिनों तक क़याम कर 40 वक़्त की नमाज़ें अदा कीं। इसके बाद उन्होंने मक्का मुअज़्ज़मा पहुँचकर कई उमराह भी अदा किए। तत्पश्चात, हज के पांच मुक़द्दस दिनों के दौरान उन्होंने खाना-ए-काबा का तवाफ़, सफ़ा-मर्वा पर दौड़, मीना, मुज़दल्फ़ा व अराफ़ात के मैदान में ठहरने और शैतान को कंकरी मारने समेत हज के सभी अरकान अक़ीदत के साथ पूरे किए। शहर क़ाज़ी के नागौर आगमन को लेकर उनके चाहने वालों और शहरवासियों में भारी उत्साह है और उनके इस्तक़बाल के लिए पलक-पावड़े बिछाए जा रहे हैं।

### करंट लगने से एफआरटी कर्मचारी की मृत्यु पर दिया धरना, मुआवजे व मांगे मानने के बाद समाप्त



**चमकता राजस्थान/नाडोल (पाली)/मोहन भटनागर।** नाड़ोल (पाली) देसूरी उपखंड क्षेत्र के नाड़ोल कस्बे में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में विद्युत कार्य कर रहे एफआरटी (फॉल्ट रिपेयर टीम) कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई, वहीं ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे छितरा मगरी के पास स्थित ट्रांसफार्मर (डीपी) पर मरम्मत कार्य के दौरान एफआरटी कर्मचारी राजेश बैरड़ (36) पुत्र भूराराम निवासी गोगाजी का मंदिर, तहसील गिड़ा, जिला बालोतरा जो विद्युत कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हवाई लाइन में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक को तत्काल नाड़ोल के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की गई। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल और विद्युत विभाग कार्यालय पहुंच गए।


● **मांगें-**

ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग उठाई। इस मांग को लेकर कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग कार्यालय, नाड़ोल के बाहर धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया जहां रानी थाना प्रभारी आनंद कुमार एवं नाड़ोल चौकी प्रभारी शिवनारायण मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। वहीं विद्युत विभाग की ओर से देसूरी एक्सईएन साहब, एईएन संजय सोनी, जेईएन टीकमराम सहित विभागीय कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

## गहलोत सुर्खियों में बने रहने और सक्रिय दिखाने के लिए कर रहे हैं बयानबाजी : मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गहलोत केवल सुर्खियों में बने रहने और अपने नेतृत्व के सामने स्वयं को सक्रिय साबित करने के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के भीतर की अंतर्कलह लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में गहलोत सहित कांग्रेस नेता अपने नेतृत्व के सामने सक्रियता प्रदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत



समय-समय पर भाजपा सरकार पर आरोप लगाकर चर्चा में बने रहने की कोशिश करते हैं, जबकि कांग्रेस की आंतरिक राजनीति और आपसी विवादों से भाजपा का कोई संबंध नहीं है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत को पायलट से और अन्य कांग्रेसी नेताओं के बीच संगठनात्मक या राजनीतिक मतभेद आपस में बैठकर सुलझा लेने चाहिए। भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं को इन विवादों में अनावश्यक रूप से नहीं घसीटना चाहिए। कांग्रेस के नेताओं को यदि कोई राजनीतिक निर्णय लेना है या अपने मतभेद दूर करने हैं तो वह उनका आंतरिक विषय है। राठौड़ ने कहा कि आज गहलोत यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वे अभी भी राजनीति में पूरी तरह सक्रिय हैं। इसके लिए वे समय-समय पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। किसी पर आरोप लगाने से प्रतिक्रिया आती है, फिर उस पर जवाब और प्रति जवाब का दौर चलता है, जिससे चर्चा का विषय बनता है और मीडिया में सुर्खियां मिलती हैं। राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत तीन बार राजस्थान के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और उनके लंबे राजनीतिक अनुभव को देखते हुए उन्हें अधिक जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ सार्वजनिक बयान देने चाहिए।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

चमकता राजस्थान

सांवलाराम चौधरी अरणाय। रानीवाड़ा वन विभाग में आयोजित ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ और वंदे गंगा अभियान कार्यक्रम में सहभागिता कर पौधारोपण किया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
कार्यक्रम पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नारायण सिंह देवल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्री हीरा लाल सारस्वत, श्री हनवंत सिंह देवड़ा तहसीलदार रानीवाड़ा , श्री भरत देवड़ा एठ रानीवाड़ा, श्री मनोहर खान फ्लेौ१ ङ्कशी२३ ऊस्त्रं१३ेल्ल३ रानीवाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री रिडमल सिंह डाभी, मंडल महामंत्री श्री गोविंद रावल , बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्री वीर बहादुर सिंह समेत पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।



## दिवा नालों की सफाई पर शिवसेना का निषेध आंदोलन, पदाधिकारी नाले में उतरे



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा।** ठाणे महानगरपालिका द्वारा नाला सफाई के लिए निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद दिवा क्षेत्र के मुख्य नालों की सफाई अधूरी रहने का आरोप लगाते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पदाधिकारियों ने निषेध आंदोलन किया। इस दौरान पदाधिकारी स्वयं नाले में उतर गए और प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।
शिवसेना नेताओं का कहना है कि मानसून सिर पर है, लेकिन कई स्थानों पर नालों में अब भी गाद और कचरा जमा है। इससे क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बढ़ गई है। आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि नाला सफाई का काम केवल कागजों और फोटो खिंचवाने तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है।
प्रदर्शन के दौरान एक दिव्यांग कार्यकर्ता भी नाले में उतरा और कहा कि ₹टीएमसी ने दिवा की जनता को दिव्यांग बनाने की ठान ली है। नालों की सफाई केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित है, जबकि वास्तविक सफाई नहीं की गई है।
शिवसेना ने नाला सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही ठाणे महानगरपालिका आयुक्त से स्वयं दिवा क्षेत्र का दौरा कर नाला सफाई कार्यों की समीक्षा करने तथा लंबित कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की गई है।

## बिजोवा गांव में एकदिवसीय निशुल्क नशा मुक्ति एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित 100 से अधिक लोगों ने लिया लाभ



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी रानी।** रानी।निकटवर्ती बिजोवा गांव में भगवान महावीर गौशाला परिसर में आस्था आयुर्वेद एवं नशा मुक्ति क्लीनिक के तत्वाधान में एकदिवसीय परामर्श शिविर का आयोजन रविवार को हुआ। कवि युगराज जैन एवं मुकेश पालरेचा ने बताया कि शिविर में डॉक्टर त्रिलोक प्रतिहार एवं डॉक्टर राहुल कुमार के सानिध्य में निशुल्क नशा मुक्ति एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 100 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित आयुर्वेद चिकित्सकों मे डॉ त्रिलोक प्रतिहार ने नशा मुक्ति के संबंध में लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि नशे की लत छोड़ने के लिए दवाइयो के साथ-साथ व्यक्ति का दृढ़ संकल्प और मजबूत मनोबल भी आवश्यक है उन्होंने बताया की इच्छा शक्ति मजबूत होने पर ही उपचार का पूरा लाभ प्राप्त किया जा सकता है। कवि युगराज जैन व मुकेश पालरेचा में बताया कि 40 लोगों को नशा मुक्ति के लिए निशुल्क औषधीय प्रदान की गई इसके अलावा 40 बवासीर ,मस्से से पीड़ित लोगों का भी परीक्षण एवं उपचार किया गया ,गठिया ,जोड़ों से ग्रसित एवं त्वचा रोग से पीड़ित मरीजों को भी चिकित्सीय परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां दी गई। इस अवसर पर व्यवस्थापक कमलेश कुमार रावल,नरेंद्र बुनकर,प्रभुराम सिरवी, महेंद्रसिंह राजपुरोहित , रुपाराम देवासी, प्रकाशगर्ग भी मौजूद रहे।

# साइकिल और योग से गूंजा नागौर पुलिस व आमजन ने दिया फिट इंडिया का संदेश

## विश्व साइकिल दिवस पर "संडे ऑन साइकिल" अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली, पुलिस लाइन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

चमकता राजस्थान

**मोहम्मद रफीक नागौर।** नागौर विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को नागौर जिला पुलिस द्वारा "संडे ऑन साइकिल" अभियान का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रिजर्व पुलिस लाइन नागौर तक साइकिल रैली निकाली गई तथा इसके बाद सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागौर श्री आशा राम चौधरी (आरपीएस) के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में उप अधीक्षक पुलिस यातायात श्री उम्मेद सिंह, कोतवाली एवं सदर थाना



प्रभारी, संचित निरीक्षक पुलिस लाइन सहित जिला मुख्यालय के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।प्रातः 6:30 बजे शुरू हुई साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देते हुए आमजन को नियमित साइकिलिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया। रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन नागौर पहुंची।ली के पश्चात पुलिस लाइन परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को नियमित व्यायाम, नशामुक्त जीवनशैली और अनुशासित दिनचर्या के महत्व से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइकिलिंग और योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन एवं कार्यक्षमता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंकार्यक्रम के माध्यम से पुलिस एवं आमजन ने एकजुट होकर फिट इंडिया अभियान को समर्थन देते हुए स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दियाविश्व साइकिल दिवस पर नागौर में आयोजित "संडे ऑन साइकिल" अभियान के तहत साइकिल रैली में भाग लेते पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक तथा पुलिस लाइन में योगाभ्यास करते प्रतिभागी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929